www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 297 । भोपाल, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

कांग्रेस के 6 और भाजपा के 4 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पृष्ठ 3
- राजस्थान में रवायत बदल जाएगी इस बार?
- मिजोरम के मुख्यमंत्री ने दिया भाजपा को जबरदस्त झटका पृष्ठ 4
- कांग्रेस विधायक पांसे और बसपा से खातरकर ने जमा किए नामांकन पृष्ठ 6

अभ्यर्थियों को देनी होगी आपराधिक प्रकरणों की जानकारी पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में सजा पर सुनवाई 7 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए पांच व्यक्तियों के खिलाफ सजा की मात्रा पर बहस की सुनवाई 7 नवंबर के लिए तय की है। 18 अक्टूबर को, अदालत ने चार आरोपियों को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया था।

### बीएस येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को 'खतरे' को देखते हुए जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, उनके आवास पर 10 सशस्त्र गार्ड तैनात किए जाएंगे और तीन शिफ्टों में 12 सशस्त्र गश्ती कमांडो तैनात किए जाएंगे। दो व्यक्ति चौबीसों घंटे सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

### रेड्डी नल्लू ने ली त्रिपुरा के राज्यपाल की शपथ

**अगरतला, एजेंसी।** तेलंगाना के पूर्व भाजपा नेता इंद्र सेना रेड्डी नल्लू ने गुरुवार को यहां राजभवन में एक समारोह में त्रिपुरा के 20वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। त्रिपुरा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने नए राज्यपाल को पद की शपथ दिलाई। उन्होंने सत्यदेव नारायण आर्य की जगह ली है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री माणिक साहा, उनके कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ नागरिक एवं सुरक्षा अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### मणिपुर में लूटे गए 6 अत्याधुनिक हथियार बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में लूटे गए छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं और दो आतंकवादियों और दो हथियारबंद लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि संयुक्त सुरक्षा बलों ने थौबल जिले में दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और भारी मात्रा में विस्फोटक सहित छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। पुलिस ने उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो कट्टर कैडरों को भी गिरफ्तार किया और उनके पास से दो हथियारों के साथ कुछ गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### सेना कमांडर ने सर्दियों की तैयारियों की समीक्षा की

**श्रीनगर, एजेंसी।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को सर्दियों के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए दक्षिण कश्मीर के कई इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने कहा कि सेना के उधमपुर मुख्यालय के उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने घाटी स्थित चिनार कोर कमांडर के साथ शीतकालीन रणनीति की तैयारी की समीक्षा करने के लिए पुलवामा, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का दौरा किया। अधिकारियों ने कहा, सेना कमांडर ने भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों से बातचीत की और उन्हें सम्मानित किया और भीतरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के लिए सभी एजेंसियों के साथ निरंतर तालमेल पर जोर दिया।

### कांग्रेस से माकपा में आये प्रशांत को पिनाराई सरकार में बड़ा पद

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ माकपा में शामिल होने के तीन साल बाद पी.एस. प्रशांत को गुरुवार को त्रावणकोर देवासम बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रशांत एक अन्य माकपा नेता के. अनंतगोपन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल शीघ्र ही समाप्त होने वाला है। विजयन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ एलडीएफ के शीर्ष नेतृत्व ने प्रशांत को त्रावणकोर देवासम बोर्ड का नया अध्यक्ष बनाने का फैसला किया। त्रावणकोर देवासम बोर्ड एक प्रतिष्ठित मंदिर बोर्ड है जो प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर सहित दक्षिण केरल के जिलों में उसके सभी मंदिरों की देखरेख की जिम्मेदारी संभालता है। प्रशांत 2021 के विधानसभा चुनावों में राज्य के राजधानी जिले के नेदुमगाडु निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार थे।

सड़क हादसों में कई लोगों की जान गई

## कर्नाटक में 4 महिलाओं समेत 12, महाराष्ट्र में 10 की मौत



**बेंगलुरु/मुंबई, एजेंसी।** कर्नाटक और महाराष्ट्र में अलग-अलग हादसों में 22 लोगों की मौत हो गई। कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर में राष्ट्रीय राजामर्ग 44 पर एक सड़क दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक कार, एक एसयूवी के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से हुई। बागेपल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि पीड़ित बागेपल्ली से चिक्काबल्लापुर की ओर यात्रा कर रहे थे, उसी दौरान यह हादसा हुआ।

इस हादसे में 12 पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, उनमें चार महिलाएं शामिल हैं। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है. चिक्काबल्लापुर के पुलिस अधीक्षक डीएल नागेश ने कहा दुर्घटना की जांच की जा रही है, लेकिन प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह घटना कोहरे के कारण हुई।

वहीं महाराष्ट्र के बीड जिले में गुरुवार सुबह 4 बजे मुंबई से आ रही एक बस सड़क से 150 फीट नीचे खाई में गिर गई. इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, बस में 40 से 50 यात्री सवार थे. बीड जिले में एक और दुर्घटना अहमदनगर रोड पर हुई. यहां एक एम्बुलेंस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मारी है. एम्बुलेंस में 4 लोग सवार थे। यह हादसा बुधवार रात करीब 9.30 बजे हुआ।

राजस्थान में ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के घर छापेमारी



### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे को हाजिर होने का समन

**जयपुर, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। ईडी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा के घर छापेमारी की है। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव के खिलाफ समन जारी किया है। उन्हें यह समन विदेशी मुद्रा अधिनियम, 1999 की धारा 37(1) और (3) के अंतर्गत जारी किया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने एक्स पर किए एक पोस्ट में प्रवर्तन निदेशाल के समन को लेकर जानकारी दी है। साथ ही इसी पोस्ट में उन्होंने ईडी की सिलसिलेवार कार्रवाई को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना भी साधा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा 'भाजपा नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके।'

मुख्यमंत्री ने गुरुवार की घटना पर चर्चा के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। छापेमारी की प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, सत्यमेव जयते। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीम ने डोटासरा के सीकर को निजी आवास के साथ-साथ जयपुर के सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास की भी तलाशी ली। कुल मिलाकर राज्य में 11 स्थानों पर छापेमारी की गईं। सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब ईडी के अधिकारी पहुंचे, प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अपने सीकर आवास पर मौजूद थे, इसके बाद उनसे पूछताछ की गई। सूत्रों ने बताया कि डोटासरा के अलावा दौसा और जयपुर में निर्दलीय विधायक हुडला के ठिकानों की भी तलाशी ली गई। ईडी की टीम ने हुडला के आवास के अंदर बने कार्यालय में तलाशी ली। साथ ही महवा के मिस्त्री मार्केट में स्थित विधायक के ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

भारतीय दूतावास को गिरफ्तारी की तुरंत नहीं दी गई थी जानकारी

## 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को कतर ने सुनाई फांसी की सजा

- भारत सरकार ने फैसले पर जताई हैरानी
- छुड़ाने के कानूनी रास्ते खोज रही सरकार
- एक साल से अलग-अलग जेलों में कैद
- आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया गया

**दोहा, एजेंसी।** कतर की एक अदालत ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई है। ये एक साल से कतर की अलग-अलग जेलों में कैद हैं। भारत सरकार ने इस पर हैरानी जाहिर की है। उन्हें छुड़ाने के लिए कानूनी रास्ते खोजे जा रहे हैं। कतर सरकार ने 8 भारतीयों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टेन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टेन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश। कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने इंडियन नेवी के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया। हालांकि भारतीय दूतावास को सितंबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया। 30 सितंबर को इन भारतीयों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ी देर के लिए टेलीफोन पर बात करने की अनुमति दी गई। पहली बार कॉन्सुलर एक्सेस 3 अक्टूबर को गिरफ्तारी के एक महीने बाद मिला। इस दौरान भारतीय दूतावास के एक अधिकारी को इनसे मिलने दिया गया। इसके बाद इन लोगों को हर हफ्ते परिवार के सदस्यों को फोन करने की अनुमति दी गई। दूसरा कॉन्सुलर एक्सेस दिसंबर में दिया गया।

### कतर की निजी कंपनी में काम करते थे

भारत के 8 पूर्व नौसैनिक कतर में दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी नाम की निजी कंपनी में काम करते थे। यह कंपनी डिफेंस सर्विस प्रोवाइड करती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं। उन्हें भी 8 भारतीय नागरिकों के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन नवंबर में उन्हें छोड़ दिया गया।

### पूर्णेन्दु को मिल चुका है प्रवासी भारतीय सम्मान

दाहरा कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर रिटायर्ड कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी को भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सेवाओं के लिए साल 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार मिला था। यह पुरस्कार पाने वाले वे आर्म्स फोर्सेज के एकमात्र शख्स हैं। उस वक्त दोहा में तब के भारतीय राजदूत पी कुमारन और कतर डिफेंस फोर्सेज इंटरनेशनल मिलिट्री कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख ने भी पूर्णेन्दु का स्वागत किया था।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बकतरा से शुरू किया जनसम्पर्क, कहा-

## आप शिवराज बन बुधनी जिताओ, मैं प्रदेश जिताऊंगा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी के बकतरा पहुंचे। उन्होंने यहां जनसभा में क्षेत्र से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया उन्होंने कहा कि आज फिर बकतरा आया हूँ, वही बकतरा जहां मैंने छोटे-छोटे काम करके अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की थी। कई यादें यहां से जुड़ी हैं। यह मेरी जन्म भूमि है, यह पुण्यभूमि है, यह कर्मभूमि है और यही मातृभूमि है। उन्होंने कहा कि, आज मैं यह कहने आया हूं कि अब आप अपना काम संभालो, तुम ही शिवराज हो। आप सब शिवराज बनकर इस चुनाव को लड़ो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, अपने काम से मैंने आपका, मान, सम्मान और शान पूरे मध्यप्रदेश, देश और दुनिया में बढ़ाई है। मैंने आपका नाम डूबने नहीं दिया। आज अपना क्षेत्र पूरे हिंदुस्तान में जाना जाता है। सभी जानते हैं कि, शिवराज जैत, शाहगंज से है। इसी धरती पर पैदा हुआ और इसी धरती मां के आशीर्वाद की वजह से आज इतने ऊपर पहुंच कर काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि, अगर सच्चे मन से मैंने आपकी सेवा की है,, मैंने आपका मान-सम्मान बढ़ाया है, अगर मैंने बहनों का जीवन बदला है, अगर मैंने बेटियों के भविष्य को बेहतर बनाया है, अगर मैंने खेतों में पानी पहुंचाया है और सड़कें बनायी हैं और अगर मैं आपके दुख-दर्द में काम आया हूं, तो मुझे आपका एकतरफा आशीर्वाद चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान का शाहगंज में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज आपने दिल से मेरा स्वागत किया है। यह पगड़ी आपने पहनाई है। इस पगड़ी का मान, आपका सम्मान और शाहगंज की शान कभी जाने नहीं दूंगा। भाजपा की सरकार ने और खुद मैने बहनों, बेटियों, और मेरे भाइयों कभी कोई भेद नहीं किया। उन्होंने कहा कि, हम सब भारत मां के लाल, भेदभाव का कहां सवाल.. मैंने सब की सेवा की है। प्रदेश को आगे बढ़ाया है। आइए इस चुनाव में भी मिलकर आगे बढ़े और दुनिया को दिखा दें एक साथ प्रेम और भाईचारा कैसे होता है।

### गूंजा नारा ...हमारी पहचान शिवराज सिंह चौहान

श्री चौहान ने गुरुवार को पूरे दिन जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में आशीर्वाद लिया, जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान हर नगर-हर गांव में बस एक ही नारा गूंज रहा था, हमारी पहचान शिवराज सिंह चौहान।

कमलनाथ ने नामांकन दाखिल किया, बोले-

## छिंदवाड़ा ने वोट नहीं प्यार दिया है



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने छिंदवाड़ा से जुड़ी अपनी यादों को ताजा करते हुए कहा कि पिछले 45 सालों से मुझे आपका केवल वोट ही नहीं मिला, बल्कि आपका प्यार भी मुझे मिला है। कमलनाथ ने जनता से कहा कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी कमाई आपका प्यार और आपका विश्वास है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं पहली बार यहां से जीता तो मैंने सोचा था कि मैं क्या करुँगा और कैसे करूंगा? उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में उस समय 2 हजार गांव में से केवल 480 गांव में बिजली थी। तब मैंने सभी गावों में बिजली पहुंचाने का काम शुरू किया, मैं गाड़ी से दौरा करता था तो मैंने छिंदवाड़ा को देखा था और मुझे बार-बार एक ही बात याद आती थी कि छिंदवाड़ा के लोगों ने मुझ पर विश्वास किया है और मेरा कर्तव्य है कि छिंदवाड़ा की पहचान बने और छिंदवाड़ा को देश में पहचाना जाए। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### निशा बांगरे ने कांग्रेस की सदस्यता ली, नहीं लड़ेंगी चुनाव

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने यहां छतरपुर जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहीं राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमती निशा बांगरे को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि निशा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी, वे एक उदाहरण बनेंगी। कमलनाथ द्वारा नामांकन भरे जाने के अवसर पर आयोजित जनसभा में निशा बांगरे ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।

इस बारे में पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने बताया कि श्रीमती बांगरे ने आज छिंदवाड़ा में कमलनाथ के समक्ष पार्टी की सदस्यता ले ली है। कमलनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी उनका पूरे प्रदेश में उपयोग करेगी। छतरपुर जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहीं श्रीमती निशा बांगरे का त्यागपत्र अदालती लड़ाई के बाद आखिरकार दो ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

जम्मू-कश्मीर में मिली बड़ी कामयाबी

## कुपवाड़ा के मच्छेल में 5 आतंकी ढेर

**जम्मू, देशबन्धु।** भारतीय सेना ने कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में एलओसी पार करने का प्रयास कर रहे आतंकियों में से पांच को ढेर कर दिया है।

कुछेक के साथ अभी भी मुठभेड़ जारी थी और कुछेक वापस पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में भागने में कामयाब रहे थे। पांच दिनों के भीतर एलओसी पर यह दूसरा घुसपैठ का प्रयास है। इससे पहले दो आतंकियों को उड़ी में मार गिराया गया था। सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा में एलओसी के पास सेना और पुलिस ने एक विशेष सूचना पर संयुक्त अभियान चलाया। सीमा पार से हो रही घुसपैठ को विफल किया गया है। यहां सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। वहीं, कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें अब तक पांच आतंकवादी मारे गए हैं। अभी आप्रेशन चल रहा है। मुठभेड़ के बारे में मामले को लेकर डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि सेना और पुलिस की तरफ से आप्रेशन जारी है। घुसपैठ के लिए इस क्षेत्र से बार-बार कोशिश की जाती है।

### नियंत्रण रेखा के पार करीब 60 लान्चिंग पैड

उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा के पार करीब 60 लान्चिंग पैड बनाए हैं। सेना और पुलिस की तरफ से पूरी सतर्कता बरती जा रही है। आतंकियों की तादाद दिन व दिन घटती जा रही है। आने वाले दिनों में इनकी गिनती और भी कम होगी। सोशल मीडिया ब्लॉगिंग एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपडेट देते हुए, कश्मीर पुलिस जोन ने एडीजीपी कश्मीर के हवाले से लिखा गया है कि लश्कर के तीन और आतंकवादी मारे गए। कुल 5 मारे गए हैं। पहचान का पता लगाया जा रहा है। तलाशी अभियान जारी है। आगे की जानकारी दी जाएगी। इससे पहले पुलिस ने बताया कि मच्छेल सेक्टर में मुठभेड़ शुरू हो गई है। उन्होंने आगे बताया कि शुरुआती गोलीबारी में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए थे। पुलिस ने कहा कि कुपवाड़ा में एलओसी के पास मच्छेल सेक्टर में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें जवानों ने पांच आतंकियों को मार गिराया। इसमें 3 आतंकी लश्कर से जुड़े थे, वहीं 2 की पहचान नहीं हो सकी है।

इजरायल ने की भारत से मांग

## हमास को घोषित करें आतंकवादी संगठन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** हमास के आंतकी हमले के बाद भारत से मिले समर्थन के बाद इजरायल ने एक बडी मांग की है। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि उनका देश चाहता है कि भारत हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमास को,भारत में भी आधिकारिक तौर पर एक आतंकवादी संगठन के रूप मे नामित किया जाना चाहिए, जैसा कि कई अन्य देशों ने किया है। इनमें अधिकांश यूरोपीय देश, अमेरिका और कनाडा जैसे लांकतंत्र शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस बारे में नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों से बातचीत हुई है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी इस बारे में बात हुई है। उन्होंने कहा कि वे आतंकी खतरों को समस्या को समझते हैं और भारत पर दबाव नहीं बल्कि पूछ रहे हैं। हतास जिसने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया और 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया, को इजरायल,अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप मे नामित किया गया है। वहीं इस बारे में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहाकि किसी संगठन को आतंकवादी समूह नामित करना एक कानूनी मामला है।

कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचंकाक 3 सौ के पार

## दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई खराब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने के साथ वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार है।

बृहस्पतिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 दर्ज किया गया, जबकि चार इलाकों में 300 के पार रहा जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, बुधवार के मुकाबले 12 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, चार इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसके साथ ही, 26 इलाकों में हवा खराब श्रेणी और चार इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सर्वाधिक सूचकांक दर्ज किया गया। वहीं, समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति रविवार तक बनी रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा बदलने के साथ ही पराली का धुआं धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। इससे स्मॉग देखने को मिल रहा है। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू है। सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इनमें आनंद विहार व शादीपुर में सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसमें आनंद विहार में सूचकांक 311, शादीपुर में 303, नेहरू नगर में 302 और बवाना में 301 दर्ज किया गया। वहीं, जहांगीरपुरी में 297, द्वारका सेक्टर-8 में 224, मुंडका में 291, एनएसआईटी द्वारका में 291, पंजाबी बाग में 273, नरेला में 265, पटपड़गंज में 259 समेत 26 इलाकों में हवा खराब रही। इसके साथ ही मथुरा रोड में 171, डीटीयू में 193 व ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार समाचार

### कोतवाली पुलिस ने दबोचे 3 जुआरी

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक चाय की दुकान पर जुआ खेलते हुए तीन जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्टेशन रोड स्थित एक चाय की दुकान पर जुआ चल रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां पर पुलिस ने जुआ खेल रहे राधेश्याम साहू पुत्र मानसिंह साहू (53) निवासी कर्नलगंज, ताज अनवर पुत्र नसीम खान (64) निवासी घोसीपुरा एवं नंदकिशोर पुत्र रामप्रसाद रजक (59) निवासी राधा कॉलोनी को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने 480 रुपए नगदी सहित ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पति और जेठ ने की बहू से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज थानांतर्गत शराब के नशे में पति और जेठ ने बहू के साथ के मारपीट कर दी। प्राप्त जानाकारी के अनुसार फरियादी बसंतीबाई पत्नी संजीव लोधा (26) गीता नगर कॉलोनी कुंभराज में किराये से रहती है। बीती रात उसका पति संजीव और जेठ आशीष लोधा शराब के नशे में घर हुए। जिस पर बसंती ने कहा कि यह किराये का घर है, तुम शराब पीकर क्यों आएं। जिस पर दोनों ने गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जेठ ने स्टूल उठाकर बसंती के सिर में मारा। जिसमें उसके सिर में गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर आरोपी पति और जेठ पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश पर बजरंगगढ़ में भिड़े 2 पक्ष, जमकर चले ईंट-पत्थर

**गुना, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थानांतर्गत पुरानी रंजिश पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों में जमकर लाठी-डंडे, ईट-पत्थर चले गए। विवाद में दो पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं पुलिस ने दो पक्षों की शिकायत पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में उभयपक्षीय मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी आजाद वंशकार निवासी बसोड मोहल्ला ने बताया कि गत रात वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी वहां गुलाबचंद वंशकार, मुरारी वंशकार, अविनाश वंशकार, उदय वंशकार आए और पुरानी रंजिश पर गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। जिसमें उनके अलावा मां फूलाबाई, बहन रानी, भतीजी निर्जला, भाई मनीष के साथ मारपीट कर दी। जिसमें उनके सिर, हाथ-पैर में चोटें आई है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

वहीं दूसरे के पक्ष के गुलाबचंद वंशकार ने बताया कि गत रात आजाद, राजेन्द्र, गोलू तीनों आए और पुरानी रंजिश पर मारपीट कर दी। जब उन्होंने गाली देने से किया तो तीनों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई पत्नी राजकुमारी, बेटी राधिका, उदय, मुरारी, अविनाश आदि के साथ भी आरोपियों ने जमकर मारपीट की। जिसमें वह सभी घायल हो गए। मामले में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में मारपीट, बलवा सहित अन्य धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज किया है।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब के मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के आबकारी एक्ट में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी चंदन पुत्र खचोरीलाल अहिरवार निवासी श्रीराम कॉलोनी गुना के संबंध में गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## गुना से पंकज, राघौगढ़ जयवर्धन और चांचौड़ा से लक्ष्मण सिंह ने भरा नामांकन

# योद्धा विचारों से समझौता नहीं करता, सिंधिया योद्धा नहीं हैं : दिग्विजय



**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने विधानसभा चुनाव के दौरान गुना के युवराज क्लब में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। दिग्विजय ने मंच से ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों को आड़े हाथों लेते हुए कायर करार दिया है। दिग्विजय ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर आरोप लगाते हुए कहाकि सिंधिया ने कांग्रेस के आधार पर टिकट मांगे, चुनाव लड़े, मंत्री भी बने, बड़े-बड़े ओहदे भी लिए। लेकिन एक हार के बाद वह पार्टी छोडक़र चले गए और भाजपा से मिल गए। इसलिए सिंधिया योद्धा नहीं है। दिग्विजय के मुताबिक योद्धा वह होता है जो अपने विचारों से समझौता नहीं करता और हारने के बाद अगली लड़ाई पर निकल पड़ता है। हारा व्यक्ति अगर हराने वाले की शरण में चला जाए तो उसे कायर कहते हैं। हालांकि दिग्विजय सिंह ने माना कि वह कांग्रेस छोडक़र भाजपा में जाने वाले की गतिविधियों से निराश हुए हैं।

मध्यप्रदेश में लगातार बदलाव की लहर का दावा कर रहे दिग्विजय ने युवराज क्लब में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए दावा किया है कि मध्यप्रदेश की जनता 17 नवंबर का इंतजार कर रही है। ताकि भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंक सके। हालांकि जीत की जिम्मेदारी बड़े नेताओं की बजाए स्थानीय नेताओं को दिग्विजय सिंह ने सौंपी है। उन्होंने कहाकि कांग्रेस का कार्यकर्ता और नेता प्रत्येक पोलिंग बूथ पर निवास करता है। सभी नेताओं को अपना और पास वाला बूथ जिताना होगा। टिकट को लेकर चल रही जद्दोजहद को लेकर दिग्विजय ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि प्रदेशभर से 4 हजार लोगों ने दावेदारी की थी, जो 230 सर्वश्रेष्ठ थे, उन्हें उम्मीदवार बनाया है।

वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन में चांचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर ब्रांडिंग के नाम पर प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य महत्वपूर्ण मदों का पैसा खर्च करने का आरोप लगाया। लक्ष्मण सिंह ने कहाकि शिवराज ने टीवी चैनलों को इतना पैसा दे दिया है कि सुबह शाम तक उनका ही चेहरा दिखता, इससे हम ऊब गए हैं।

### बहनें भ्रष्ट भाजपा सरकार को सबक सिखाने तैयार : जयवर्धन

गुना में नामांकन दाखिल करने के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए जयवर्धन सिंह ने कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वह चुनाव प्रचार के बचे हुए 22 दिनों के भीतर घर-घर जाकर कांग्रेस के 11 वचन पहुंचाएं। जयवर्धन ने दावा किया कि वर्तमान सरकार धनबल की है, इस बात को जनता अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में पास होने के बाद भी बेरोजगार युवा और गेस सिलिंडर कम करने के नाम से ठगी हुई बहनें भ्रष्ट भाजपा सरकार को सबक सिखाने कमर कस चुकी हैं। किसान, व्यापारी, कर्मचारी, मजदूर हर वर्ग परेशान है।

जयवर्धन ने मंच से यादव महासभा के जिला अध्यक्ष और भाजपा किसान संघ के उपाध्यक्ष दौलत सिंह यादव महूगढ़ा के कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा भी की।

### जब नामांकन कक्ष में 3 पीढियां पहुंची एक साथ...

राघौगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी जयवर्धन सिंह और चांचौड़ा से उम्मीदवार लक्ष्मण सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान सभी की निगाहें राघौगढ़ राज परिवार पर रहीं। नामांकन दाखिल कराने पहुंचे जयवर्धन के पिता पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह अपने पोते के साथ नजर आए। जयवर्धन सिंह की पत्नि सृजाम्या महिला कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट के बाहर मौजूद रहीं। जबकि जयवर्धन के बेटे अपने दादा दिग्विजय सिंह का हाथ पकडक़र रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष की ओर जाते दिखे।

## चौथे दिन 7 अभ्यर्थियों ने किए नामांकन दाखिल

**अब तक कुल 12 अभ्यर्थियों ने 14 नामांकन किए दाखिल**

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इसी क्रम में नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के चौथे दिन यानि गुरूवार 26 अक्टूबर को गुना जिले में अलग-अलग विधानसभाओं में 7 अभ्यर्थियों द्वारा अपना नामांकन फार्म दाखिल किया गया। अभी तक जिले के सभी 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 12 अभ्यर्थियों द्वारा 14 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किए हैं। निर्वाचन की सूचना जारी होने के बाद पहले दिन 2 अभ्यर्थी, दूसरे दिन एक अभ्यर्थी एवं तीसरे दिवस दो अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए थे और इसी क्रम में आज 07 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र 028-बमोरी में महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने भाजपा के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार कृष्ण राव कापसे ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 29-गुना (अ.जा.) में पंकज सिंह कनेरिया ने इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। हरिओम खटीकने इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 30-चांचौड़ा में लक्ष्मण सिंह ने इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 031-राघौगढ में हीरेन्द्र सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार जयवर्धन सिंह ने इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र भरा।

## मछली पकड़ने को लेकर सिंगवासा तालाब पर भिड़े मछुआरे

**थाने में दर्ज कराई शिकायत**

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत सिंगवासा तालाब पर मछली पकडऩे को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मुन्नालाल केवट (64) निवासी सैय्यदपुरा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह आदर्श मत्स्योद्योग सहकारी समिति का सदस्य है। समिति को सिंगवासा तालाब का 10 साल के लिए 2016 से मछली पकडऩे का पट्टा मिला है। गत दिवस उसका राजकुमार मांझी के साथ मछली पकडऩे को लेकर सिंगवासा तालाब पर विवाद हो गया था। इसी विवाद में वह सुबह तालाब पर जा रहा था तभी रास्ते में राजकुमारर मांझी अपने साथी गज्जू मांझी, बलराम केवट, योगेन्द्र केवट के साथ मिला और गाली गलौंच कर रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**रजिस्ट्री के बकाया पैसे मांगने गए चाचा-भतीजे से मारपीट :** इधर शहर के कैंट थानांतर्गत ही जमीन बेचने के बाद बचे हुए पैसे गए चाचा-भतीजे के साथ दूसरे व्यक्ति ने मारपीट कर दी। दरअसल ग्राम पिपरिया निवासी फरियादी अजब सिंह पाल ने विवेक कॉलोनी निवासी संजू भदौरिया को पचवन लाख में साढ़े ग्यारह बीघा जमीन तीन-चार महीने पहले बेची थी। जिसमें संजू ने पैंतालीस लाख रुपए देकर तत्समय रजिस्ट्री करा ली थी और दस लाख रुपए बाद में देने को कहा था।

गत दिवस जब अजब सिंह, उनका बेटा अभिषेक पाल एवं भतीजा सुनील पाल दस लाख रुपए संजू लेने विवेक कॉलोनी पहुंचे थे। तभी वहां प्रमोद रजक निवासी पिपरिया आया और बोला कि तुमसे बात हो गई थी तुम यहां पैसे लेने क्यों आए। इसी बात पर प्रमोद ने गाली गलौंच कर तीनों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बमोरी से नामांकन भरा



**गुना, देशबन्धु।** आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बमौरी विधानसभा के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में महेंद्र सिंह सिसोदिया ने गुरुवार को मुहूर्त के अनुरूप अपना नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट जाकर जमा किया। उनके साथ प्रस्तावक के रूप में करणसिंह पटेलिया,उनके अधिकृत अधिवक्ता महेश रघुवंशी उपस्थित हुए। नामांकन जमा करने के उपरांत श्री सिसोदिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि बमौरी विधानसभा ही नहीं बल्कि जिले की चारों सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से विजयी होंगे। साथ ही प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। वे 30 अक्तूबर को एक बार फिर पार्टी के मैंडेट के साथ कार्यकर्ताओं व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पर्चा भरेंगे।

## नामांकन दाखिल करने राघौगढ़ पहुंचे भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह



**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हीरेन्द्र ड्क्षसह बंटी बना द्वारा गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व श्री बना ने पीलीघाटा स्थित मंदिर पहुंचकर हनुमानजी एवं शिवजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात सागदीपूर्ण तरीके से जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टोरेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार एवं भाई अमित सिंह चौहान मौजूद रहे। श्री बना के नामांकन फॉर्म में हर्षवर्धन सिंह चौहान प्रस्तावक रहे। इस अवसर पर श्री बना ने विधिवत अपने अधिवक्ता के साथ विधान सभा क्षेत्र 031 राघौगढ़ की अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर आर. रमेश अंजली के समक्ष शपथपत्र के साथ नामांकन फॉर्म जमा किया। नामांकन उपरांत श्री बना ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया के तहत नामांकन पत्र जमा किया है। चुनाव में चुनौतियां तो आती हैं, लेकिन भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इस बार विकास व जनकल्याण हमारा मुद्दा है। इसके आधार पर जनता से आशीर्वाद लेने जा रहे हैं। प्रदेश में फिर एक बार कमल खिलेगा। वहीं गुरुवार सुबह श्री बना ने अपने गांव के हनुमान मंदिर पर परिवार के साथ पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

## जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल ने शुरू की ओपीडी इकाई



**सीहोर, देशबन्धु।** जवाहर कैंसर अस्पताल भोपाल ने केंसर पीड़ितों की मदद और उनके शुरूआती इलाज के लिए अपनी एक इकाई की शुरू की है। यहां ओपीडी इकाई स्थापित होने से इसमें कैंसर के प्राथमिक लक्षणों की पहचान की जा सकेगी। इसके अलावा मरीजों को उचित मार्गदर्शन के अलावा जवाहर केंसर अस्पताल की समस्त सुविधाओं और सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस इकाई में प्रतिदिन जवाहर केंसर अस्पताल के काबिल डॉक्टरों की टीम अपनी सेवाएं देंगी। जवाहर केंसर हॉस्पिटल की एमडी दिव्या जोशी ने कहा कि कैंसर से डरने की नही लड़ने की जरूरत है कैंसर नाम से ही मरीज ओर से उनके परिजन घबरा जाते हैं अब मरीजों को घबराने की जरूरत नहीं। उनकी कैंसर से जंग में जवाहर कैंसर अस्पताल मरीजों और उनके परिजनों के साथ मजबूती से खड़ा है।

जवाहर कैंसर अस्पताल की इकाई का शुभारंभ कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और समाजसेवी अखलेश राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अस्पताल के महाप्रबंधक किसले शर्मा , मेडिकल डायरेक्टर गौतम कुमार शरण सहित बड़ी संख्या में अस्पताल के स्टाफ के साथ वरिष्ठजन मौजूद थे।

## भाजपा ने पिछडों से वोट लिए, लेकिन उनका हक नहीं दिया : शशांक



**सीहोर, देशबन्धु।** गुरुवार को वार्ड जनसंपर्क के दौरान सीहोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कहा कि भाजपा ने पिछडों इस्तेमाल किया है। इन्हें हक नहीं दिया, कभी प्रतिनिधित्व नहीं दिया। भाजपा भेदभाव की राजनीति करती है। यह बात पिछड़ों को समझना होगी। कांग्रेस समानता की पैरवी करती है, इस देश के दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को कांग्रेस ने अधिकार दिए। कहा कि जातिगत जनगणना कराकर ओबीसी वर्ग को अधिकार दिए जाएंगे, राजनीति और नौकरियों में उनका प्रतिनिधित्व बढेगा। कमलनाथ सरकार ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था लेकिन शिवराज सरकार यह नहीं चाहती। कांग्रेस प्रत्याशी ने गुरूवार को नगर के वार्ड 20 और 25 में सघन जनसंपर्क किया। श्री सक्सेना ने लुनिया मोहल्ला बड़ी ग्वालटोली, छोटी ग्वालटोली, दुर्गा कालोनी,फरेला कालोनी क्षेत्र में घर घर पहुंचकर जनसंपर्क किया। श्री सक्सेना ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है मंहगाई की मार से जनता त्रस्त है, इन्हें फर्क नहीं पड़ता। मंहगाई का सीधा असर गरीब, मजदूर, निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है। कमलनाथ सरकार में सस्ती बिजली, सस्ता गैस सिलेंडर, विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ छात्रवृत्ति, महिलाओं को हर माह 15सौ रूपए, किसानों का कर्ज माफ, पुरानी पेंशन लागू होगी।

## दीवार लेखन और चित्रकला से किया मतदाताओं को जागरुक

**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मतदाता जागरुकता अभियान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य के संरक्षण में मतदाता जागरुकता शपथ ग्रहण कर रैली निकाली तथा नारों के माध्यम से छात्राओं एवं लोगों को मतदान के लिए जागृत किया। छात्राओं ने इसी अभियान के अतंर्गत मेंहंदी, रंगोली, दीवार लेखन एवं भित्ति चित्रण प्रतियोगिता में सहभागिता कर नगर वासियों को अपने मतदान जैसे बहुमूल्य अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में भी सहभागिता की गई। अंत में महाविद्यालय में रैली

समाप्त करते हुए महाविद्यालय की छात्राओं को भी वोट देने के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय की मतदाता जागरुकता एवं स्वीप संबंधी गतिविधियों के लिए नियुक्ति केम्पस एम्बेडर कु. आस्था दिनकर, यश्वी शुक्ला आदि ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी छात्राओं के वोटर कार्ड बनवाने के शिविर का आयोजन कर वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेन करवाने मे सहयोग किया।

प्राचार्य डॉ. जी.एल.जैन ने सभी विद्यार्थियों से अनिवार्यत: मतदान करने के लिए आव्हान किया और शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ संयोजक रामविकास प्रजाापति के कुशल निर्देशन, अक्षय तिवारी के संयोजन तथा कु. श्रद्धा मेवाड़ा, एवं आस्था दिनकर, के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कुहू सेंगर, शिवानी परमार, बिंदिया, भूमि सेन, सिया परमार ,नेंसी सिमोलिया, दीक्षा त्यागी , पूजा नागर, रिशिता आदि छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गुम बालक को कैंट पुलिस ने किया दस्तयाब

**गुना, देशबन्धु।** शहर की कैंट पुलिस द्वारा क्षेत्र से गुम हुए बालक को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा है। दरअसल पखवाड़ेभर पूर्व बालक के पिता द्वारा कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 13 अक्टूबर की शाम को उसका 15 वर्षीय नाबालिग बालक घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिसे उसके द्वारा हर संभावित स्थान पर तलाश कर लिया गया है लेकिन उसका कहीं कोई पता नही चल पा रहा है। जिसकी रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम गठित कर अपहृत बालक की तलाश में लगाया गया। उक्त टीम अपहृत बालक की तलाश में सरगर्मी से जुट गई और इसमें विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद से अपहृत बालक की निरंतर तलाश की गई।

## 7 पेटी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने की कार्रवाई

***गुना, देशबन्धु।*** *जिले की कुम्भराज थाना पुलिस द्वारा 7 पेटियों में राजस्थानी अंग्रेजी शराब के 310 क्वाटर सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम को जिले के कुम्भराज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम रामनगर-लोधापुरा रोड किनारे बने मकान के पास एक व्यक्ति राजस्थानी शराब की पेटियां लेकर उन्हें बेचने की फिराक में बैठा हुआ हैं। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम ने मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर देखा तो रामनगर-लोधापुरा रोड किनारे बने मकान के आंगन में एक व्यक्ति शराब की पेटियां रखे हुए दिखाई दिया। जिसने पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नरेन्द्र पुत्र रामेश्वर मीना निवासी ग्राम रामनगर लोधापुरा, थाना कुम्भराज जिला गुना का होना बताया। जिसके घर के सामने आंगन से राजस्थानी रायल क्लासिक व्हिस्की शराब की 6 पैक पेटियां एवं 1 खुली हुई पेटी मिली, प्रत्येक पैक पेटी में 48 क्वाटर होकर कुल 288 एवं खुली हुई पेटी में 22 क्वाटर सहित कुल 310 क्वाटर पाए गए।*

*पुलिस द्वारा आरोपी के पास मिले राजस्थानी अंग्रेजी शराब के 310 क्वाटर (कुल 56 लीटर) को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई दिलीप राजौरिया, बुंदेल सिंह सुनेरिया, देवनारायण शर्मा, बृजेश साहू, पपेन्द्र रावत एवं सत्येन्द्र रावत की विशेष भूमिका रही है।*

# कांग्रेस के 6 और भाजपा के 4 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

**भोपाल, देशबन्धु।** जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में गुरुवार को कांग्रेस के छह और भाजपा के चार प्रत्याशियों ने अलग-अलग सीटों के लिए नामांकन दाखिल किए। इनके साथ ही गुरुवार को कुल 29 नामांकन दाखिल हुए। इस तरह अब तक कुल 37 नामांकन भरे जा चुके हैं।

विधानसभा चुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत गुरुवार को जिले की भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आतिफ अकील ने अपने चंद समर्थकों के साथ सबसे पहले संबंधित रिटर्निंग अफीस पहुंचकर नामांकन भरा। इसी तरह दक्षिण-पश्चिम से कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा ने समर्थकों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। उनके साथ पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्?डू चौहान, कांग्रेस नेता गोविंद गोयल, मोनू सक्सेना, संतोष कंसाना आदि मौजूद थे। वहीं भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद कांग्रेस नेता गोविंद गोयल के साथ नामांकन जमा करने पहुंचे तो गोविंदपुरा से कांग्रेस प्रत्याशी रवींद्र साहू झूमरवाला ने भी समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। मजेदार बात यह रही कि वे हूटर लगी कार में सवार होकर पर्चा भरने पहुंचे। इस पर जब अखबार नवीसों ने उनसे इस बारे में सवाल किया तो वह भड़क गए और बोले कि मेरे पास इसकी अनुमति है। मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही हूं, कपड़ों से लेकर गमछा तक ईमानदारी का पहनता हूं। मैं भाजपा के नेताओं की तरह नहीं हूं। इसके साथ ही उन्होंने 30 अक्टूबर को कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल करने की बात कही। उधर हुजूर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी ने हुजूर तहसील में पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कई स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। अपनों की नाराजगी को लेकर उन्होंने कहा कि अपनों को मना लेंगे। सभी कांग्रेस को जीताएंगे।

उधर, नरेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विश्वास कैलाश सारंग भी गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। वह दोपहर करीब 12 बजे स्कूटर पर सवार होकर गोविंदपुरा एसडीएम कार्यालय स्थित केंद्र पर नामांकन दाखिल करने पहुंचे। नामांकन भरने से पहले उन्होंने छोला में स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर मत्था टेका और बजरंगबली के दर्शन किए। साथ ही महंत जगदीश दास त्यागी का आशीर्वाद भी लिया। इसी तरह गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्रसे भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर ने पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नामांकन केंद्र पहुंचकर नामांकन भरा। नामांकन पत्र जमा करने के बाद श्रीमती गौर ने कहा कि चुनाव में चुनौतियां तो आती हैं, लेकिन भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इस बार विकास व जनकल्याण हमारा मुद्दा है। इसके आधार पर जनता से आशीर्वाद लेने जा रहे हैं। प्रदेश में फिर एक बार कमल खिलेगा। वहीं भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने समर्थकों के साथ नामांकन भरा। उधर हुजूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा भी पीली पगड़ी, कुर्ता, जैकट पहनकर हुजूर एसडीएम कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे। उन्होंने गले में तुलसी की माला व गमछा भी डाला हुआ था। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर चुनाव मैदान में हैं। जनसेवा का सनातन संकल्प सदैव निभाऊंगा। नामांकन भरने से पहले श्री शर्मा ने मंदिर पहुंचकर हनुमानजी के दर्शन किए।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के नामांकन भरने के लिए अब सिर्फ 4 दिन बचे हैं। लेकिन इनमें भी उम्मीदवारों को 2 दिन ही मिलेंगे। चूंकि शनिवार-रविवार को छुट्टी होने से वे नामांकन दाखिल नहीं कर पाएंगे। ऐसे में बाकी बचे उम्मीदवार 27 या 30 अक्टूबर को नामांकन भर सकते हैं।


विश्वास सारंग स्कूटी से नामांकन दाखिल करने पहुंचे।


कृष्णा गौर जिला अध्यक्ष सुमित पचोरी के साथ नामांकन जमा करने पहुंची।


रामेश्वर शर्मा ने नामांकन से पहले मंदिर में पूजा की।


दक्षिण-पश्चिम से पीसी शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया।


नरेश ज्ञानचंदानी दोपहर में नामांकन जमा करने पहुंचे।


आरिफ मसूद कांग्रेस नेता गोविंद गोयल के साथ फॉर्म जमा करने पहुंचे।

## 4 दिन में 10 डिग्री पर आ सकता है रात का तापमान

**भोपाल,देशबन्धु।** हवाओं का रुख उत्तरी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अक्टबूर के अंत तक प्रदेश में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में कोई मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। वातावरण में नमी काफी कम रहने से आसमान भी साफ है। हवाओं का रुख भी पश्चिमी, उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। उत्तरी हवाएं लगातार चल रही हैं। अब दिन छोटे और रात बड़ी होने लगी है। इस वजह से भी धीरे-धीरे तापमान में कमी आने लगी है। यही वजह है कि धूप में चुभन महसूस नहीं हो रही है। शाम ढलने के बाद हवा में ठंडक महसूस होने लगती है और रात के तापमान में गिरावट हो रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नौगांव सहित प्रदेश के सात शहरों बैतूल, छिंदवाड़ा, मंडला, रीवा, उमिरया एवं मलाजखंड में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। सबसे कम 13 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में किया गया, जबकि पचमढ़ी में पारा 12.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। राजधानी में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अनुमान है कि तीन-चार दिन में प्रदेश में कहीं-कहीं तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर भी आ सकता है।

## *एम्स में हुआ इलाज, बिना होंठ को काटे ब्रैकीथेरेपी से ठीक हुआ कैंसर*

*__भोपाल, देशबन्धु।__ आम तौर पर कैंसर के मरीजों को एक समय के बाद शरीर वह हिस्सा खराब हो जाता है, जहां कैंसर हुआ है, जिसे ऑपरेशन द्वारा चिकित्सक अलग भी कर देते हैं। लेकिन ब्रैकीथेरेपी का इस्तेमाल से ऐसा नहीं होता है, इससे अंग को सुरक्षित रखा जाता है, जिससे कि मरीज का वह हिस्सा ज्यों का त्यों रहे। ऐसा ही एक मामला हाल ही में भोपाल एम्स में सामने आया, जहां एक महिला के होंठ के कैंसर को ब्रैकीथेरेपी द्वारा ठीक किया गया। इसके बाद अब महिला बाद पूरी तरह स्वस्थ्य है।*

*प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जिले के एक गाङ्व की रहने वाली 34 साल की एक महिला रश्मि पिछले 7 महीने से निचले होंठ पर एक छाला पड़ने के कारण दर्द से परेशान रहा करती थी। वह ना खाना खा सकती थी ना पानी पी सकती थी। पूरे जिले में तमाम डॉक्टरों को दिखाने के बाद पता चला कि होंठ में कैंसर हो गया है। तब गांव वालों की सलाह पर एम्स भोपाल में आकर दिखाया। एम्स भोपाल के रेडियोथेरेपी विभाग के उक्त महिला का परीक्षण कर ब्रैकीथेरेपी करने का फैसला किया। डॉ. विपिन खराड़े ने रेडियोथेरेपी विभाग के प्रो. डॉ. मनीष गुप्ता और डॉ. एस दास के मार्गदर्शन में इलाज करना शुरू किया और केवल एक हफ्ते के इलाज के बाद ही होंठ का कैंसर पूरी तरह से ठीक हो गया। इतना ही नहीं महिला के परिवार का इलाज पर भी कोई खर्च नहीं हुआ क्योंकि उनके पास आयुष्मान योजना का कार्ड भी था। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस उपलब्धि के लिए इलाज करने वाली पूरी टीम को बधाई दी है।*

*उल्लेखनीय है कि एम्स में इससे पहले इस थैरेपी से 3-4 मरीजों का उपचार किया गया है। वहीं साल 2023 में यह पहला मामला है जब ब्रैकीथेरेपी से एम्स में कैंसर का उपचार किया गया। मध्य प्रदेश के केवल कुछ चुनिंदा अस्पतालों में ही यह सुविधा उपलब्ध है। सरकारी अस्पताल की बात की जाए तो इसमें एम्स इकलौता अस्पताल है।*

## शरद पूर्णिमा पर रहेगा ग्रहण, आज नौका बिहार करेंगे श्री राधा-कृष्ण

**प्रसाद का वितरण भी होगा**

**भोपाल, देशबन्धु।** श्री हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में शुक्रवार 27 अक्टूबर को परंपरागत शरद पूर्णिमा चल समारोह निकलेगा। समिति अध्यक्ष संतोष साहू लखपति के अनुसार शरद पूर्णिमा शनिवार को ग्रहण है। इसलिए परंपरा कायम रखने के लिये श्री राधा कृष्ण मंदिर से शुक्रवार शाम को चल समारोह शुरू होकर छोटे भैया कार्नर जुमेराती,जनक पुरी जवाहर चौक, सिंधी मार्केट, भवानी मंदिर सोमवारा, कमला पार्क होता हुआ शीतल दास की बगिया घाट पहुंचेगा। यहां पूजा- अर्चना के बाद श्री राधा कृष्ण नौका बिहार करते भोजताल केशीतला माता घाट पहुंचेगें। यहां शीतला माता मंदिर,कंठाली मंदिर, भक्तो द्वारा पूजा -अर्चना कर प्रसाद वितरण होगा। वापस नौका बिहार करते भगवान शीतला माता घाट पहुंचेगें।जहां आरती पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

## यूनियन बैंक की शाखा में लगी आग, फर्नीचर जलकर हुआ खाक

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल-बैरसिया रोड पर स्थित ग्राम दुपाड़िया में बुधवार रात यूनियन बैंक की शाखा में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और थाना प्रभारी ने बैंक के पास मौजूद नलकूप की मोटर चालू करवाकर आग बुझाने की शुरुआती कोशिश की। इसके बाद बैरसिया से पहुंची फायर ब्रिगेड ने काबू पा लिया। आग लगने से बैंक में रखा फर्नीचर पूरी तरह जल गया है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।

गुनगा थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि बुधवार रात करीब 12 बजे बैंक शाखा में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंचने पर बैंक के पीछे की तरफ एक नलकूप की जानकारी मिली। इस पर उसकी मोटर चालू करवाने के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से शुरुआती तौर पर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया गया था। इसके बाद बैरसिया नगर पालिक से फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर आ गया और उसने लगभग लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट सामने आ रही है। इस घटना में बैंक का फर्नीचर पूरी तरह जल गया। बैंक प्रबंधन आकलन कर नुकसान की जानकारी जुटा रहा है।




**भोपाल, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्र के समापन के बाद शुरु हुआ शहर में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला गुरुवार को भी दिन भर जारी रहा। इसके पूर्व बुधवार रात पुराने शहर में विसर्जन चल समारोह भी निकाला गया, जो गुरुवार सुबह छोटी झील के रानी कमलापति घाट पर पहुंचा। यहां चल समारोह में शामिल प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इसके बाद भी शाम तक जहां प्रतिमाओं के आने का सिलसिला चलता रहा।

## 5 करोड़ की जमीन फर्जीबाड़ा कर हड़पी

### 90 भूखण्ड बनाकर 7 करोड़ रुपए से अधिक में बेच दिए

**भोपाल, देशबन्धु।** संपत्ति की खरीद-फरोख्त का काम साथ में करने वाले एक साझेदार ने फर्जी विक्रय पत्र व वसीयतनामा तैयार कर पांच एकड़ जमीन पर 90 रजिस्ट्रियां करा दीं। इसके एवज में उसने सात करोड़ रुपए से अधिक कमा लिए, जबकि दूसरे साझेदार को इसकी भनक तक नहीं लगी। उसे जब पता चला तो उसने गोविंदपुरा थाने में शिकायत कर दी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पटेल नगर निवासी सचिन ठाकुर संपत्ति की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। सचिन निशातपुरा थाना अंतर्गत ग्राम चौपड़ा इलाके में पांच एकड़ जमीन ली थी। इस जमीन पर सचिन को भूखण्ड बनाकर बेंचने थे इसके लिए सचिन का विपिन शर्मा नाम के कारोबारी के बीच 5 करोड़ 70 लाख रुपए में सौदा हुआ था। सौदा होने के कुछ दिन बाद ही लॉकडाउन लग गया, जिसके कारण सचिन का उस जमीन की ओर जाना ही बंद हो गया। इसी दौरान विपिन ने सचिन से कहा कि उसके वाहन चालक गंगाप्रसाद को चौपड़ा की जमीन का एक भूखण्ड खरीदना है। चूंकि लॉकडाउन लगा हुआ है, तुम आ नहीं सकते। इसलिए तुम एक भूखण्ड का वसीयतनाम व पॉवर ऑफ अटार्नी भेज दो तो मैं चालक के नाम की रजिस्ट्री करा दूंगा तथा इसके पैसे तु हें भेज दूंगा। सचिन ने उसकी इस बात पर भरोसा कर लिया तथा उसे एक भूखण्ड का विक्रय अनुबंधपत्र व वसीयतनामा भेज दिया। विपिन ने यहीं से जालासाजी करना शुरू कर दी। उसने अपने वकील मित्र अखिलेश श्रीवास्तव,चालक गंगाप्रसाद, सेवादाता अहमद खान के साथ मिलकर एक भूखण्ड के वसीयतनामें व विक्रय अनुबंध पत्र के जरिए पूरी जमीन के ही कागजात तैयार कर लिए। इसके बाद उसने फर्जी वसीयनामें तैयार कर पांच एकड़ जमीन 90 लोगों को भूखण्ड बनाकर बेच दी तथा उनकी रजिस्ट्रियां भी करा दीं। सचिन को बहुत देर बाद इस बात का पता चला। उन्होंने गोविंदपुरा थाने में मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने जांच के बाद विपिन शर्मा, गंगाप्रसाद , अहमद खान तथा अखिलेश श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## मेरी आवाज़ ही पहचान है संगीत संध्या 29 को, बुजुर्ग कलाकार देंगे प्रस्तुति

**भोपाल, देशबन्धु।** म्यूजिक मास्टर ग्रुप रविवार को शहीद भवन में शाम 4 बजे से मेरी आवाज़ ही पहचान है संगीत संध्या आयोजित कर रहा है, जिसमें 60 से 76 साल तक की आयु के 37 कलाकार (महिला -पुरुष) सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देंगे। संगीत संध्या के अतिथि सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक पद्मश्री से सम्मानित श्री उमाकांत गुंदेचा होंगे। ग्रुप के विश्वनाथन अय्यर ने बताया कि यह म्यूजिक मास्टर्स की स्थाना का पांचवा और आयोजन का तीसरा साल है चूंकि करोना काल में 2 साल इस तरह का आयोजन नहीं हो सका। लेकिन संगीत का कार्यक्रम व्हाट्सएप के जरिए जारी रहा।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | डीएलआई डिवीजन के शेष दिल्ली क्षेत्र में मौजूदा 8 फाइबर ओएफसी को 48 फाइबर ओएफसी और आरई केबल के साथ 6 क्वाड केबल से बदलना। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 3,66,59,946.35/-only |
| धरोहर राशि (रू) | Rs.3,33,300.00/-only |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 22.11.2023 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली -110055 |

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-टेली -ओपन टेंडर-978 दिनांक: 25.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3332/23

## जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए प्रयास होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** संयुक्त संचालक कृषि बी.एल.बिलैया ने बताया है कि जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के साथ मिलकर सभी उपाय किए जायेंगे । उन्होंने कहा हैं कि मध्यप्रदेश की खेती- किसानी में बढ़ते पेस्टिसाइड और रासायनिक खाद के उपयोग को रोकने के जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। श्री बिलैया ने बताया कि गौशालाओं में निजी भागीदारी भी सुनिश्चित करने के प्रयास करेंगे, जिससे जैविक खाद निर्माण में और अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। पशुपालन विभाग के साथ कृषि विभाग के वैज्ञानिक अनुसंधान कर संभाग की गौशालाओं को आत्म-निर्भर बनाएंगे। निजी सहभागिता से चलने वाली गौशालाओं की सतत निगरानी की जाएगी, जिससे गौशालाओं का व्यवस्थित संचालन हो। गोबर और गोमूत्र का उपयोग हो और किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद मिल सके।

## धान भर रहे किसान की करंट लगने से मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के खजूरी सड़क थाना इलाके मेंखेत में खड़ी ट्राली में धान भर रहे किसान की ट्राली के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

खजूरी सड़क थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि ग्राम मुगालिया छाप निवासी 47 वर्षीय बालकिशन पाटीदार किसान थे। हाल ही में उनके खेत में धान की फसल की कटाई हुई थी। बुधवार शाम को वह ट्रैक्टर ट्राली में धान के पूरे भर रहे थे। वह मजदूरों से पूले लेकर ट्राली में ऊपर खड़े होकर जमा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका हाथ ट्राली के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से छू गया। इससे उन्हें करंट का जोरदार झटका लगा और वह ट्राली से नीचे गिरकर बेसुध हो गए। परिजन तुरंत उन्हें लेकर उपचार कराने के लिए अस्पताल पहुंचे। वहां जांच करने के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। साथ ही विवेचना शुरु कर दी है।

## युवक ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

उत्तर प्रदेश से भोपाल आए एक युवक ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय अजय निशाद मूलतः देवरिया जिला उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और पंजाब में निजी काम करता था। वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। वह साईं बोर्ड हबीबगंज में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर आया था। सुबह वापस उत्तर प्रदेश जाने की बात कहते हुए घर से निकल गया। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं होने के कारण रिश्तेदार तलाश में जुटे हुए थे। इस दौरान सुबह करीब दस बजे बावड़िया फाटक के पास रेलवे पटरी पर अजय की लाश बरामद हुई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

फार्मेट सी-2

**(राजनीतिक दलों के लिए वेबसाईट, समाचार पत्रों/ टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फांउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नामः- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

* निर्वाचन का नामः- विधान सभा निर्वाचन 2023 (म.प्र.)

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नामः- मध्यप्रदेश

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | |
| | | | न्यायालय का नाम मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख | अपराध (धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | विनोद राय | जबेरा 56 | न्यायालय श्रीमान विशेष न्यायाधीश विद्युत अधि. प्र.क्र. 308/2022 (साक्ष्य हेतू) | 135 विद्युत अधि. | Nil | Nil |

राज्य सभा के निर्वाचन और विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामलों में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

टिप्पणीः- (i)उपयुक्त सूचना प्रत्येक राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लिए राज्य-वार प्रकाशित की जावेगी।

देशबन्धु

भोपाल, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## राहुल-सत्यपाल वार्ता से उभरती सियासी तस्वीर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का बुधवार को लिया गया साक्षात्कार अगर जमकर वायरल हो रहा है तो सिर्फ इसलिये नहीं कि इससे कई नये खुलासे हुए हैं और कुछ पुराने तथ्यों की पुष्टि हुई है, वरन इसलिये भी कि वह देश की भावी राजनैतिक तस्वीर को भी बयां कर रहा है। दोनों ही दो अलग-अलग पीढ़ियों तथा एकदम भिन्न किस्म की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन दोनों के बीच कुछ समानताएं भी हैं जो इस बातचीत को महत्वपूर्ण बनाते हैं। सबसे बड़ी समानता तो यह है कि दोनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेखौफ़ लड़ रहे हैं और मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का जमकर विरोध कर रहे हैं। राहुल के एक सवाल के जवाब में मलिक का यह कहना कि 'चुनाव में सिर्फ 6 महीने रह गये हैं। मैं लिखकर दे रहा हूं कि अब मोदी सरकार नहीं आयेगी,' इस बात की पुष्टि करता है कि जो राजनैतिक घटनाक्रम ज़मीन पर होता दिख रहा है और उसके मुताबिक लोग जो सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगा रहे हैं, वैसा होने जा रहा है। सत्यपाल मलिक द्वारा राहुल की इस बात के लिये तारीफ करना भी वे (राहुल) निस्वार्थ भाव से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं, एक तरह से पुरानी पीढ़ी के एक ईमानदार नेता द्वारा राहुल के संघर्ष का गौरवगान है।

मलिक ने पुलवामा के उस घटनाक्रम को एक बार फिर दोहराया जिसमें 14 फरवरी, 2019 को सड़क मार्ग से जा रहे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गये थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल मलिक ने साफ किया था कि यह सरकार की गलती से हुआ है क्योंकि सीआरपीएफ द्वारा उन्हें ले जाने के लिये हवाई जहाज मांगे गये थे जो मुहैया नहीं कराये गये थे। इसके चलते उन्हें सड़क मार्ग से ले जाया गया था। रास्ते में कोई सुरक्षा नहीं थी जो अमूनन ऐसे काफिले के गुजरने के वक्त की जाती है। मलिक ने पहले की तरह फिर से बताया कि उस वक्त मोदी जिम कार्बेट पार्क में शूटिंग कर रहे थे। बाद में जब उनसे और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात हुई तो उन्हें चुप रहने को कहा गया था। राहुल ने भी बताया कि पहले उन्हें भी एयरपोर्ट पर लाये गये शहीदों के शवों को श्रद्धांजलि के लिये जाने से मना किया गया था। बाद में हवाई अड्डे पर उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था। राहुल ने आशंका जताई कि इस खुलासे के बाद मलिक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच हो सकती है, मलिक ने कहा कि वे इसकी परवाह नहीं करते।

बातचीत में दोनों नेताओं का एक दूसरे के लिये आदर साफ झलक रहा था। राहुल ने जब उनके राजनैतिक कैरियर की शुरुआत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जरिये वे इसमें आये थे। जब राहुल ने चरण सिंह की शख्सियत के बारे में जानना चाहा तो मलिक का कहना था कि वे सरल व ईमानदार व्यक्ति थे। उल्लेखनीय है कि 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार करीब ढाई वर्ष चलकर गिर गई थी तब कांग्रेस के समर्थन से चौधरी पीएम बने थे- केवल 5 माह के लिये। इंदिरा गांधी द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उनका आरोप था कि इंदिरा उनके खिलाफ आपातकाल संबंधी मामलों को समाप्त करने का दबाव डाल रही थी। उन्होंने दबाव में आने की बजाय त्यागपत्र देना बेहतर समझा था। देश के संसदीय इतिहास के इन काले पन्नों के बावजूद राहुल और सत्यपाल में इसे लेकर कोई कड़वाहट नहीं दिखी। दोनों ने चरण सिंह को लेकर सहजतापूर्वक बातचीत की। राहुल ने उनसे यह जानना चाहा कि लोग पद पाने के लिये इतने लालायित क्यों होते हैं, मलिक ने कहा कि राजनीति पहले देश सेवा थी जो अब व्यवसाय बन गई है। उन्होंने राहुल की इसलिये तारीफ की कि वे ऐसे वक्त में एक अपवाद है जो उन्हें सबसे अलग बनाता है। दोनों के बीच किसान आंदोलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, जातिगत जनगणना आदि को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई जिसमें दोनों नेताओं के बीच वैचारिक समानता दिखाई पड़ी जो इस बात के संकेत हो सकते हैं कि भविष्य में दोनों को एक दूसरे का साथ मिलता रहेगा। अगर ऐसा होता है तो यह मोदी और भाजपा के लिये ज्यादा मुश्किलों वाले दिन हो सकते हैं क्योंकि ये दोनों (राहुल-सत्यपाल) मोदी सरकार के कट्टर आलोचक हैं। जहां एक ओर राहुल मोदी राज के कथित भ्रष्टाचार, खासकर प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ संबंधों पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं, उसी तर्ज़ पर मलिक भी कह चुके हैं कि केन्द्र द्वारा लाये गये तीन कृषि कानून, जो किसानों के विरोध के चलते सरकार को वापस लेने पड़े थे, अदानी के लाभ के लिये ही लाये गये थे।

राहुल-सत्यपाल के बीच का यह वार्तालाप न केवल कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन के भविष्य में और मजबूत होने की ओर इशारा करता है वरन यह भी बतलाता है कि कई दलों के साथ रहने के बावजूद अपनी ईमानदारी के कारण सम्मानित सत्यपाल मलिक जैसे नेता लोकसभा चुनावों के वक्त खुले आम कांग्रेस-इंडिया का साथ देकर प्रतिपक्ष को और मजबूती प्रदान करेंगे। मलिक का यह कहना कि 'यह सरकार जा रही है', उसी दावे की पुष्टि है जो राहुल गांधी भी करते आ रहे हैं और जिसकी वे कोशिश कर रहे हैं।

# राजस्थान में रवायत बदल जाएगी इस बार?

राजस्थान में मतदान की तारीख़ '25 नवंबर' है और अब तक न कांग्रेस और न भारतीय जनता पार्टी के सारे उम्मीदवारों के नाम तय हो पाये हैं। होता यूं है कि टिकट मिलते ही जीत का रास्ता नहीं खुलता, बगावत का बिगुल बज जाता है। इससे जूझते हुए दोनों ही पार्टियां आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं और इन सबसे बड़ा सवाल सर उठा रहा है कि राजस्थान का गढ़ कौन जीतेगा? प्रदेश में बीते 30 वर्षों से जनता एक बार कांग्रेस एक बार भाजपा की सरकार बना रही है। यहां के बच्चे जो अब जवान हो चुके हैं उन्हें दो ही मुख्यमंत्रियों के नाम याद हैं- अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे सिंधिया। पिछली बार जब वसुंधरा राजे चुनाव लड़ रहीं थीं, प्रदेश में एक नारा चला था- 'मोदी तुझसे बैर नहीं,वसुंधरा तेरी खैर नहीं।' नारे चलते रहते हैं लेकिन नतीजों में यह सच भी हो गया। वसुंधरा राजे दोबारा सरकार नहीं बना पाईं। भाजपा ने इसी नारे को इस बार अपना ध्येय वाक्य बना लिया जिसका नतीजा ये हुआ कि इस बार राजस्थान का चुनाव सीधे-सीधे अशोक गहलोत बनाम नरेंद्र मोदी हो गया है। यह चुनाव दो स्थानीय नेताओं के बीच नहीं बल्कि सीएम और पीएम के बीच है। राजस्थान में 25 में से 24 सांसद भाजपा के हैं। कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं। जीत का जोश भी शायद इसी संख्या से आता है। यहीं से प्रेरणा लेकर भाजपा ने अपने सात नेताओं की सांसदी को विधायकी में बदलने का फैसला कर लिया है। क्या वाक़ई इन फैसलों और मोदी की लोकप्रियता का लाभ पार्टी को मिलेगा या अंतत: विभाजन की राजनीति ही टेका लगाएगी?

एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं। चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली, महिलाओं को कनेक्शन के साथ मोबाइल फोन देना और हर बिल पर पहले 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने का असर साफ़ देखा जा सकता है। जिन लोगों की सरकारी योजनाओं में कोई आस्था नहीं रही, उन्होंने भी मुफ्त बिजली और अच्छे इलाज की चाहत में राजस्थान सरकार के जनाधार नंबर से खुद को जोड़ लिया है। निजी अस्पतालों को भी इस योजना में शामिल करना बेहतरीन सोच है लेकिन इसमें अड़चनें भी आ रही हैं। इसकी तुलना में राजस्थान शासकीय स्वास्थ्य योजना के तहत अच्छी सुविधा राज्य के कर्मचारियों को मिल रही है। कहा जा सकता है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को तो इस बार साध लिया गया है। एक और अच्छी पहल थी जिसे लागू करने में भी व्यवहारिक दिक्कतें रही हैं। इसके तहत सड़क पर घायलों को किसी भी प्राइवेट हॉस्पिटल में तुरंत चिकित्सा मुहैया करानी थी। अक्सर कई मरीज़ सरकारी औपचारिकताओं के चलते और इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इस कायदे का दम भी टूटता हुआ ही नज़र आता है क्योंकि निजी अस्पताल इस हक़ में नहीं हैं जबकि 2022 में स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम (राइट टू हेल्थ बिल) पास करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया था। कानून और व्यवस्था को मज़बूत करने में भी सरकार का ध्यान कम ही रहा। जैसी सक्रियता स्वास्थ्य के लिए रही वैसी कानून के लिहाज़ से भी होती तो राजस्थान की कहानी और बेहतर हो सकती थी। तब क्या रास्ता भाजपा के लिए आसान है?

राजस्थान की शहरी जनता के बड़े हिस्से को इस बात से ज़्यादा फर्क नहीं पड़ता कि वोट मोदी के नाम पर मांगा जा रहा है। उसे लगता है कि किसी भी स्थानीय नेता में वैसा चुम्बक नहीं जैसा कि मोदी जी में है। वसुंधरा राजे पूरे राजस्थान में लोकप्रिय हैं लेकिन मोदी ही हैं जो राजस्थान में पार्टी की नैया पार लगा सकते हैं। इस विमर्श के हिसाब से मध्यप्रदेश में 18 साल के शिवराज सिंह चौहान शासन के दूसरी तरफ भी मोदी ही हैं क्योंकि इस बार वे भी हाशिये पर हैं। गहलोत के ख़िलाफ़ भी मोदी और शिवराज के खिलाफ भी। यह दिलचस्प है कि प्रदेश में कोई भी नेता या विश्लेषक गहलोत सरकार के लिए 'एंटी इंकम्बेंसी' की बात नहीं कर रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो नाराज़गी वाला बड़ा वोट नहीं है कि मतदाता गुस्से में है और बाज़ी पलट देगा। सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आतुरता की कमी ही भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए भाजपा की केंद्रीय योजनाओं के अलावा प्रधानमंत्री की विदेश में साख को भी वोटर अच्छा बताते हैं। पार्टी के पास एक बड़ा अस्त्र है जिसे वह समय-समय पर धार देती रहती है और राजस्थान को भी अलग नहीं रखा गया है । यूं प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में साफ़ कह दिया है कि वे राजस्थान सरकार की वर्तमान योजनाओं को बंद नहीं करेंगे और मतदाता को सिर्फ़ कमल का फूल देखना चाहिए। यह सोच किसी बड़े 'शिफ्ट' का संकेत है कि पांच साल में रोटी पलटने की रवायत के बावजूद पार्टी आश्वस्त नहीं है।

कर्नाटक से पहले गुजरात और पश्चिम बंगाल में भी मोदी ही पार्टी का चेहरा थे लेकिन केवल गुजरात में ही सफलता मिली। पार्टी का यह मज़बूत विचार है कि असफल चेहरों को दृश्य से गायब कर दो तो सफलता मिलती है। गुजरात में तो मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्रियों के ही चेहरे गायब हो गए। यह मॉडल खूब सफल रहा। कर्नाटक में 19 रैलियों और छह रोड शो के बावजूद भाजपा की सरकार बची नहीं रह सकी और बंगाल में दीदी तीसरी बार भी अपनी गद्दी बचने में कामयाब रहीं। तब क्या राजस्थान में यह असफल चेहरा वसुंधरा राजे थीं? शुरुआत में पार्टी ने ऐसा ही माना था लेकिन दूसरी सूची में गलती सुधार ली। उनके हिसाब से टिकट भी मिले और उन्हें कुछ तवज्जो भी। चर्चा यह भी है कि अब जयपुर के पूर्व राजघराने की राजकुमारी दीया कुमारी को पार्टी आगे लाना चाहती हैं। वे राजसमंद से सांसद हैं और अब पार्टी ने उन्हें जयपुर की एक सीट से विधायक का टिकट दिया है। जयपुर से ही सांसद राज्यवर्धन भी अब विधायकी की दौड़ में शामिल हैं। यूं वसुंधरा राजे के आगे दीया कुमारी फिलहाल एक कमज़ोर चयन इसलिए भी हैं कि वसुंधरा राजपूती विरासत के साथ गुर्जर बहू होकर कई चुनावी गणित साध लेती हैं। उनकी भाषा और वेशभूषा उन्हें हर वर्ग में स्वीकार्य बनाती हैं। वे एक चुनरी से ही अपना कनेक्ट जनता, खासकर महिलाओं से बना लेती हैं। इस बार उनके मतदाताओं को पता है कि वे मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं तब फिर कौन और क्या मुद्दे हैं जो रण जितवाएंगे।

पिछले महीने जयपुर में एक अठारह साल के लड़के इकबाल की हत्या हो गई। भीड़ ने उसे पीट-पीट कर मार डाला। यूं राजस्थान अपने लोक संगीत, साहित्य और कलात्मक अभिरुचि वाली कई खूबियों के साथ सांप्रदायिक तौर पर बेहद सद्भावी प्रदेश है। तमाम सम्प्रदाय यहां मिल-जुलकर रहते हैं। मलिक मोहम्मद जायसी की पद्मावत (1540) जन-जन में लोकप्रिय है। अकबर के सेनापति मानसिंह रहे तो हाकिम खां महाराणा प्रताप के। वीरता के साथ सद्भाव की बेहतरीन गाथा इस प्रदेश ने लिखी है। 'धरती सुरगा री..' यह गीत तारा प्रकाश जोशी ने इस धरती के सौंदर्य और सद्भाव के लिए ही लिखा है। उस दिन इकबाल और उसका भाई दोनों बाइक पर सवार थे कि सड़क पर कहा-सुनी हो गई। भाई तो जान बचाकर भाग गया लेकिन इकबाल को भीड़ ने मार दिया। हो सकता है कि दुर्घटना के बाद इक़बाल ने अपशब्द कहे हों लेकिन उसकी जान ले ली जाए, यह दुखद था। गहलोत सरकार ने बतौर मुआवज़े पचास लाख रूपए और परिजन को नौकरी देने की घोषणा की। शहर में व्यापारियों के एक हिस्से ने बड़ा प्रदर्शन करते हुए इसे तुष्टिकरण का नाम दिया। कहा गया कि पुलिस हिंदुओं को परेशान कर रही है, उन्हें जबरन गिरफ्तार किया जा रहा है। जो भी हो, कानून इतना सशक्त होना चाहिए कि जांच पर सबका भरोसा हो।

विकास के मुद्दों पर ये मुद्दे हावी हैं। उदयपुर में दर्ज़ी कन्हैया लाल की हत्या भी नफरत का नतीजा थी। जोधपुर का दंगा भी। सरकार की पकड़ कानून व्यवस्था पर होनी चाहिए। अपराधियों को पकड़ने में भी और अपराध न हों उसमें भी। विकास के तमाम सुरीले सुरों के बीच नफ़रत के ये बेसुरे बोल का सर क्यों उठना चाहिए था? सरकार की जनकल्याण की नीतियों की सराहना के बीच तुष्टिकरण का मुद्दा जगह बना रहा है। बहुत दुखद होगा जो चुनाव विकास बनाम सांप्रदायिकता में बदल गया तब कोई दल जीतेगा या हारेगा लेकिन यहां के रंग उदास और किलों के कंगूरे सूने पड़ जाएंगे।

राजस्थानी डिंगल कविता का अपना तेज है जिसने सामाजिक जनजागृति के साथ संकट के समय अंग्रेज़ सत्ता के ख़िलाफ़ भी सबको एक करने का काम किया था। इस दौर में जब इंसान मृत देह में भी मज़हब ढूंढ रहा है, मनुज देपावत की डिंगल कविता की ये पंक्तियां बहुत मायने रखती हैं-

ऐ इंकलाब रा अंगारा, सिलगावे दिल री दुखी हाय।
अब छांट्या-छिड़किया नहीं बुझेला जो डूंगर लागी आज लाय।
इक दिन ऐड़ो आवैला धोरां री धरती धूजैला।
ऐ सदा पत्थरां रा सेवग पण आज मिनख नैं पूजैला।

अर्थ- मिट्टी के पुतलों को इंसान बनाने आया हूं। इंकलाब के अंगारे अब दिल में दहक रहे हैं और ये छीटों से नहीं बूझने वाले। देश का भाग उस दिन जागेगा जिस दिन पत्थरों की बजाय इंसान की पूजा होगी।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं।**

# मिजोरम के मुख्यमंत्री ने दिया भाजपा को जबरदस्त झटका

■ आशीष विश्वास

यह कोई रहस्य नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत में अधिकांश ईसाई संगठन और समुदाय के नेता मणिपुर में हाल ही में भड़की जातीय हिंसा को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाराज हैं। यह वर्तमान में इस क्षेत्र में टिकाऊ राजनीतिक एकीकरण की चाह रखने वाली भगवा पार्टी की दीर्घकालिक योजनाओं के लिए एक झटका है।

नागालैंड से लेकर त्रिपुरा तक, ईसाई समुदाय के नेताओं और समूहों ने केन्द्र और राज्य सरकार की निंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जो देख रहे हैं कि कैसे ये सरकारें मणिपुर में हिंसा के बाद की अवधि के दौरान कुकी, ज़ो, और अन्य जनजातियों को हाशिए पर रखने के लिए जानबूझकर आधिकारिक कदम उठा रहे हैं। अब मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने बीबीसी को दिये अपने एक साक्षात्कार के दौरान भाजपा के प्रति कड़ा आलोचनात्मक रुख अपनाते हुए उग्र राजनीतिक विवाद में नया ईंधन डाल दिया है।

ज़ोरमथांगा की इस स्पष्ट घोषणा पर स्थानीय स्तर पर काफी आश्चर्य हुआ है कि वह चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ किसी भी संयुक्त सार्वजनिक रैली को संबोधित नहीं करेंगे। एक विदेशी चैनल के सामने इस तरह की घोषणा करना हर किसी को मंजूर नहीं है, जिसके कथित 'पक्षपातपूर्ण कवरेज' को लेकर दिल्ली के अधिकारियों के साथ अपनी समस्याएं थीं।

श्री मोदी अक्टूबर के अंत तक मिजोरम यात्रा पर जाने वाले हैं। उन्हें यह जानकर ख़ुशी नहीं होगी कि स्पष्टीकरण के माध्यम से, मिज़ो नेता ने कुछ हद तक विस्तार से कहा था कि पड़ोसी मणिपुर में चर्चों और ईसाइयों पर हमले उनके राज्य के लिए भी बुरे थे। इसलिए, इस स्तर पर संयुक्त रैलियां आयोजित करना अच्छा विचार नहीं होगा और एमएनएफ अपने स्वयं के अभियान कार्यक्रम का पालन करेगा।

स्थिति न तो मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पार्टी के लिए अच्छी दिखती है, जिसका मुख्यमंत्री नेतृत्व करते हैं और न ही भाजपा के लिए, जिसके साथ वह राज्य के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में राजनीतिक रूप से जुड़े हुए हैं। राज्य में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। दोनों पार्टियां केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सहयोगी हैं। लेकिन मिजोरम के संदर्भ में, बड़ी पार्टी के रूप में एमएनएफ की ही चलती है।

हालांकि, ज़ोरमथांगा की टिप्पणियों के स्थानीय पूर्वोत्तर-आधारित मीडिया कवरेज ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के समर्थकों को बहुत खुश नहीं किया है। एमएनएफ ने लगातार कांग्रेस का विरोध किया है, यह रुख उसने वर्तमान चुनाव पूर्व अभियान चरण के दौरान भी दोहराया है।

मणिपुर में प्रमुख मैतेई और कुकी समूहों के लोगों से जुड़ी प्रमुख जातीय हिंसा फैलने से बहुत पहले, एमएनएफ ने राज्य के शासन से संबंधित मामलों में बड़ी पार्टी होने को नाते भाजपा के मुकाबले अपनी लगभग स्वतंत्र लाइन अपना रहा है। केंद्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में राज्य सरकारों को विशेष रूप से निर्देश दिया था कि वे म्यांमार में सत्तारूढ़ सेना जुंटा और पश्चिम की समर्थक नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) के बीच गृहयुद्ध के मद्देनजर म्यांमार से भारत में आने वाले शरणार्थियों को प्रोत्साहित न करें।

केंद्र के निर्देश का मिजोरम के लिए विशेष महत्व था, जहां से भागे हुए बड़ी संख्या में बर्मी आदिवासी शरणार्थियों को पहले विभिन्न शिविरों में आश्रय दिया गया था और बाद में उनकी संख्या बढ़ने पर उन्हें कहीं और स्थानांतरित कर दिया गया था। ज़ोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ ने नई स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली से अधिक वित्तीय और अन्य सहायता के लिए बार-बार दबाव डाला, क्योंकि ये शरणार्थी जल्दी घर नहीं लौट सकते थे।

ऐसा आरोप है कि एनडीए सरकार ने कुछ प्रारंभिक मदद भेजने के बाद, ऐज़वाल के अधिक सहायता के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। पूर्वोत्तर भारत की मीडिया रपटों के अनुसार, स्थानीय चर्च अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, आम लोगों और विदेशी दानदाताओं ने शरणार्थियों की मदद की।

वर्तमान में, कुछ अनुमानों के अनुसार मिजोरम में राहत सुविधाओं का आनंद ले रहे लोगों की संख्या लगभग 45,000 है। 3 मई से शुरू हुई और कई महीनों तक जारी रहने वाली जातीय समस्याओं के बाद मणिपुर से कुकी और अन्य जनजातियों के मिज़ोरम में बड़े पैमाने पर आगमन के बाद यह संख्या बढ़ गई है।

मिजोरम के अधिकारियों ने अक्सर मीडियाकर्मियों को समझाया है कि उन्होंने शरणार्थियों की आमद से निपटने के लिए केवल दिल्ली द्वारा स्थापित प्रक्रियाओं का पालन किया है।

बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा क्योंकि म्यांमार में अशांति समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे थे।

पर्यवेक्षकों ने यह समझाते हुए कि एमएनएफ और भाजपा के बीच मतभेदों से विपक्ष को मदद क्यों नहीं मिलेगी, इशारा किया कि आर्थिक विकास के सवाल पर मिज़ो सहित क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के बीच मतभेद हैं। महत्वाकांक्षी, शिक्षित युवा आदिवासियों का एक वर्ग पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे, पर्यटन या संबंधित क्षेत्र में नई विकास परियोजनाओं के पक्ष में था, जो एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तावित थे। मोटे तौर पर, वे खुद को स्थानीय परियोजनाओं से जोड़ते थे, जबकि आम तौर पर संसद के अंदर और बाहर राष्ट्रीय मुद्दों पर एनडीए का समर्थन करते थे।

दूसरी ओर, क्षेत्र में ईसाइयों के बीच अधिक रूढ़िवादी समूह रेलवे के विस्तार से लेकर जलविद्युत उत्पादन तक, सभी नयी परियोजनाओं का विरोध करने लगे, खासकर यदि वे एनडीए द्वारा प्रायोजित हों। मेघालय एक ऐसा क्षेत्र था जहां आर्थिक विकास के लिए प्रस्तावित अधिकांश परियोजनाओं पर स्थानीय लोगों का विरोध हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे मजबूत रहा है।

मेघालय, भारत के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक, शिलांग का घर होने के बावजूद, वर्तमान में पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे गरीब राज्य है!

**बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा।**

## पावन प्रसंग

### मानव जीवन का लक्ष्य

मनुष्यों और पशु-पक्षियों की तुलना करते हुए शास्त्रकार ने लिखा है-'ज्ञानं हि तेषांधिको विशेष:।' अर्थात आहार-विहार, भय, निंद्रा, कामेच्छा की दृष्टि से मनुष्य और पशु में कोई विशेष अंतर नहीं पया जाता। शारीरिक बनावट में भी कोई बड़ी असमानता दिखाई नहीं पड़ती। खाने-पीने,चलने,उठने-बैठने,बोलने अन्य शारीरिक नित्यक्रिया के सभी साधन पशु और मनुष्यों की प्राय: एक जैसे ही मिलेहैं, पर मनुष्य में कुछ विशेषताएं उन प्राणियों से भिन्न हैं। उसकी रहन-सहन की रुचि, उचित-अनुचित का भय, भाषा-भाव आदि कितनी ही विशेषताएं यह सोचने को विवश-करती हैं कि वह इस सृष्टि का श्रेष्ठ प्राणी है। उसकी रचना किसी उद्देश्य पर आधारित है।

मनुष्य का प्रत्येक कार्य विचारों से प्रेरित होता है। यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य को विचारशक्ति इसलिए मिली है कि उचित-अनुचित को ध्यान में रखकर वह सृष्टि-संचालन को सहयोग देता रहे। जो केवल खाने-पीने और मौज उड़ाने की ही बात सोचते हैं, इसी को जीवन का श्रेय मानते हैं, उनमें और मनुष्येतर पशुओं-पक्षियों तथा कीट-पतंगों में अंतर कहां रहा? ये क्रियाएं तो पशु भी कर लेते हैं। विचारबल संसार का सर्वश्रेष्ठ बल है। विचार शक्ति का सूचक है। पशु निर्विचार होते हैं, इसलिए वे परस्पर अपनी भावनाओं का आदान-प्रदान नहीं कर सकते, उनकी कोई लिपि नहीं, भाषा नहीं। किसी प्रकार का संगठन बनाकर अपने प्रति किए जा रहे अत्याचारों का वे प्रतिकार नहीं कर सकते। इसीलिए शारीरिक शक्ति में मनुष्य से अधिक सक्षम होते हुए भी वे पराधीन हैं। विचारशक्ति के अभाव में उनका जीवनक्रम एक बहुत छोटी सीमा में अवरुद्ध बना पड़ा रहता है।

विशृंखलित, ऊबड़-खाबड़ धरती को क्रमबद्ध व सुसज्जित रूप देने का श्रेय मनुष्य को है। घर, गांव, शहर,देश आदि की रचना सुविधा और व्यवस्था की दृष्टि से कितनी अनुकूल है। अपनी इच्छाएं, भावनाएं दूसरों से प्रकट करने के लिए भाषा- साहित्य और लिपि की महत्ता किसी से छिपी है? आध्यात्मिक अभिव्यक्ति और सांसारिक आह्लाद प्राप्त करने के लिए कला-कौशल, लेखन, प्रकाशन की कितनी सुविधाएं आज उपलब्ध हैं। यह सब मनुष्य की विचारशक्ति का परिणाम है। मनुष्य को ज्ञान न मिला होता तो वह भी रीछ- बंदरों की तरह जंगलों में घूम रहा होता। सृष्टि को सुंदर रूप मिला है तो वह मनुष्य की विचारशक्ति का ही प्रतिफल है। विचारों का उपयोग निस्संदेह अतुल्य है।

विचारों की विशिष्ट शक्ति का स्वामी होते हुए भी मनुष्य का जीवन निरुद्देश्य गिखाई दे तो इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। जिसके कार्यों में कोई सूझ न हो, विशिष्ट आधार न ाहो, उस जीवन को पशु जीवन कहें तो इसमें अतिशयोक्ति क्या है? हवाई जहाज निराधार आकाश में उड़ता है। अभीष्ट स्थान तक पहुंचकर उसे निर्देश न मिलता रहे तो वह कही से कहीं भटक जाएगा। कुतुबनुमा की सुई वायुयान चालक को स बताती रहती है कि उसे किस दिशा में चलना है? इस निर्देश के आधार पर ही वह सैकड़ों मील का सफर पार कर लेता है। प्रत्येक पाकृतिक पदार्थ किसी न किसी उद्देश्य से निर्मित है।

मानव जीवन की महत्ता इस पर है कि हम वर्तमान साधनों का उपयोग अंतर्दर्शन या आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए करें। उद्देश्य का मार्ग बहुधा किसी विशिष्ट दिशा की ओर ही होता है। प्रकृति जिस ओर से जाना चाहे उधर ही चलते रहें, तो इन प्राप्त शक्तियों की सार्थकता कहां रही?

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### चीन, रूस और ईरान का अमेरिका के विरुद्ध षड्यंत्र, परिणाम हमास-इजरायल युद्ध

अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास,हिजबुल्ला और फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इजराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इजराइल अपना कर्तव्य निभा रहा है। लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा। इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इजराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट दे रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इजराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर ले। चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़का कर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इजराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया है। 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इजराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है। कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैं। हमास इजराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिराकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इजरायल के सर पर फोड़ दिया गया है। इजरायल ने इस बात से साफ इनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इजरायल के खिलाफ एक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं।

**संजीव ठाकुर**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### 6 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

**रायसेन, देशबन्धु।** रायसेन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति के चौथे दिन गुरूवार को कुल 06 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा के लिए दो अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। विधानसभा क्षेत्र 141-भोजपुर के लिए एक अभ्यर्थी का, विधानसभा क्षेत्र 142-सांची के लिए एक अभ्यर्थी का और विधानसभा क्षेत्र 143-सिलवानी के लिए दो अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नामांकन पत्र 30 अक्टूबर 2023 सोमवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। नामांकन पत्रों की संविक्षा 31 अक्टूबर मंगलवार को होगी और इच्छुक अभ्यर्थी 02 नवंबर गुरुवार तक नाम वापस ले सकेंगे। शासकीय अवकाश के दिवसों 28 अक्टूबर चतुर्थ शनिवार और 29 अक्टूबर रविवार को शासकीय अवकाश होने से नामांकन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

### कृषि उपज मंडी में आज से 3 दिन बंद रहेगा नीलामी कार्य

**रायसेन, देशबन्धु।** कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन के सचिव द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 27 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश होने के कारण, दिनांक 28 अक्टूबर को चतुर्थ शनिवार बैंक अवकाश होने के कारण तथा 29 अक्टूबर को रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण कृषि उपज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा।

### शस्त्र पूजन कर राष्ट्र सेविकाओं ने निकाला पथ संचलन



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति द्वारा शस्त्र पूजन कर परंपरागत पथ संचलन निकाला। इस संचलन में जिले के खंड पठारी, त्योंदा, गमाकर, ऊहार, खंडों से लगभग 250 से अधिक सेविकाएं उपस्थित रहीं। अनुशासित और घोष के साथ निकले इस संचलन का शहर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। दोपहर 1 बजे एकत्रीकरण पश्चात शस्त्र पूजन, ध्वजारोहण और फिर प्रार्थना की गई। इस मौके पर अध्यक्ष के रूप में समाज सेविका हर्षिता जैन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में नगर पालक नीता शाह, नगर कार्यवाहिका अवंतिका बघेल, व मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पिंकेश्लता रघुवंशी उपस्थित रही।

### जिला पंचायत के डाटा एंट्री रूम में लगी आग, 5 साल का रिकॉर्ड स्वाहा

**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र की चंबल कॉलोनी के पीछे स्थित जिला पंचायत के कार्यालय स्थित डाटा एंट्री रूम में गुरुवार की सुबह अचानक शार्ट सर्किट से आग लगने के करण कंप्यूटर एवं काफी दस्तावेज जल गए। हालांकि समय रहते आग बुझा ली गई अन्यथा काफी नुकसान होने की संभावना थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत कार्यालय में कॉर्नर पर स्थित डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूम में गुरुवार की सुबह 7 बजे के लगभग अचानक दुआ उठते हुए सफाई कर्मचारि ने देखा तो तत्काल सीईओ जिला पंचायत को फोन लगाया। सीईओ द्वारा तत्काल निगम आयुक्त को कॉल किया गया, जिस पर से नगर निगम की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और थोड़ी ही देर में आग पर को नियंत्रण में कर लिया गया। इस अग्निकांड में कंप्यूटर एवं काफी दस्तावेज जल गए हैं जिनमें 5 साल का रिकॉर्ड है। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत इच्छित गढपाले ने बताया कि जो दस्तावेज जलकर राख हुए हैं, उनमें कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं है और जो भी है, उनकी सॉफ्ट कॉपियां सुरक्षित हैं।

# कम मतदान प्रतिशत वाले केन्द्रों में निकाली जागरूकता रैली

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**रायसेन,देशबन्धु।** नगर में गुरूवार को आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा नगर पालिका कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे के निर्देशन में नगर पालिका परिषद द्वारा निकाली गई इस जागरूकता रैली में नगर पालिका परिषद के सभी अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। यह रैली नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर सागर तिराहे होते हुए गत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र क्षेत्रों उद्योग विभाग परिसर, कलेक्ट्रेट कालोनी, आरआई कॉलोनी होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के समापन अवसर पर अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे द्वारा सभी को विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। रैली में एसडीएम मुकेश सिंह, पीओ डूडा तथा सीएमओ रायसेन सुलेखा जाटव, जनशिक्षक सूर्यप्रकाश सक्सेना सहित नगर पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र क्षेत्रों में भी सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए विशेष रूप से ऐसे मतदान केन्द्रों में विशेष रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

**जिले में आयोजित की जा रही है स्वीप गतिविधियां:** विधानसभा निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीअरविंद दुबे के निर्देशानुसार रजिले में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में सभी नगरीय



निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मतदाताओं को मेहंदी, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, रैली, दीवार लेखन सहित अन्य गतिविधियां आयोजित कर आगामी विधानसभा निर्वाचन में दिनांक 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**1226 मतदान केन्द्रों पर दस लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान:** भारत निर्वाचन आयेग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिले की चारों विधानसभा भोजपुर, उदयपुरा, सांची और सिलवानी में 17 नवम्बर को मतदान होगा। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1226 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें सुगम मतदान के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा में 308 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर में 310 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची में 332 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी में 276 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। रायसेन जिले में कुल 1007875 मतदाता हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 525474 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 482373 है। अन्य मतदाताओं की संख्या 28 है। उदयपुरा विधानसभा में कुल 262082 मतदाता हैं, जिनमें 136690 पुरूष मतदाता, 125387 महिला मतदाता और 05 अन्य मतदाता शामिल हैं। भोजपुर विधानसभा में कुल 255838 मतदाता हैं, जिनमें 133131 पुरूष मतदाता, 122693 महिला मतदाता और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं। सांची विधानसभा में कुल 264582 मतदाता हैं, जिनमें 137657 पुरूष मतदाता, 126918 महिला मतदाता और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं। सिलवानी विधानसभा में कुल 225373 मतदाता हैं, जिनमें 117996 पुरूष मतदाता, 107375 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं।

**पुलिस ने आरोपी से चोरी का माल किया जप्त**

# शातिर, नकबजन गिरफ्तार, 3 चोरियों का खुलासा



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं को रोकने हेतु एवं चोरों एवं नकबजनों की धरपकड़ हेतु निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के मार्गदर्शन में थाना शहर पुलिस ने मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि संदेही राजा रघुवंशी स्वस् कॉलेज के पीछे हाथ में चाकू लिये घूमते हुए देखा गया है। मुखबिर सूचना की तस्दीक पर शातिराना चोर राजा रघुवंशी पुत्र मेहरबान सिंह निवासी घरमको पकड़ा ,आरोपी के पास धारदार बड़ा चाकू मिला जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 607/2023 धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी से थाना गंजबासौदा शहर की नकबजनियों के संबंध में पूछताछ किया तो आरोपी ने तीन स्थानों पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से चोरी गया मशरूका एक सोने का हार, एक सोने की चेन, एक चांदी का गिलास व 20,000रुपये कुल कीमती 1,40,000 रुपये का जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना गंजबासौदा शहर में पूर्व के लूट, मारपीट, चोरी, नकबजनी के अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी की निगरानी फाइल भी तैयार की जा रही है जो शीघ्र ही हिस्ट्री शीट खोलने की अनुमति हेतु पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। इस कार्रवाई में निरी. संजीव कुमार चौकसे, उनि योगेन्द्र सिंह परमार, प्र.आर. आशीष यादव, प्र.आर. लायक सिंह, आरक्षकसरमन साहू, आर. उत्तमकुमार, शिवप्रताप सिंह, आर. अमरसिंह की विशेष भूमिका रही।

# भाजपा प्रत्याशी उमाकांत ने तहसील कार्यालय पहुंचकर दाखिल किया नामांकन



**सिरोंज, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने गुरुवार को सादगी के साथ अपना नामांकन पत्र एसडीएम हर्षल चौधरी रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा किया। विधायक शर्मा कुछ गिने-चुने कार्यकर्ताओं को लेकर ही तहसील कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नियमों की परिधि में रहकर नामांकन जमा किया। नांमाकन जमा करने के पहले 100 मीटर की दूरी के फासले पर पत्रकारों से बात की और कहा कि मैंनेअपने पिता स्व. चंद्रमोहन शर्मा एवं मेरे गुरु स्व. वीर नारायण शर्मा. स्व. बालकृष्ण मेहता व अन्य बुजुर्ग जनों द्वारा सिखाए गए सादगी के पाठ का अनुसरण किया है। इसी कारण मैं अपने सब काम बड़ी सादगी से करता हूं और आगे भी भगवान से प्रार्थना करता हूं की सादगी बनी रहे। उन्होंने बताया कि पार्टी की मंशा एवं जनता की इच्छा के अनुरूप आगामी 30 अक्टूबर को वे प्रात: 11 बजे से जुलूस निकालेंगे जो रिटर्निंग ऑफिसर के यहां आकर नियमों के अनुसार अपना फॉर्म जमा करेंगे। शर्मा ने कहा कि स्व. लक्ष्मीकांत और मैंने सच्चे दिल से जनता की सेवा की है,गरीबों के हकों की लड़ाई लड़ी है। इलाके के विकास में स्व.लक्ष्मीकांत ने अपना अभूतपूर्व विकास दिया है और आज जब प्रदेश और देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो ऐसे में मैं यह अपेक्षा करूंगा कि जनता मुझे पुन: एक बार और मौका दें क्योंकि गत कार्यकाल में मुझे समय कम मिला व विकास में कुछ कमी रह गई है। नामांकन जमा करने के दौरान रमेश यादव संतोष चोरे, कैलाश शर्मा, पारस तरण आदि लोग उपस्थित रहे।

# मानव अधिकार मुद्दों पर रेंज स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**मुरैना, देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन के निर्देश पर कमेटी गठित कर मानव अधिकार मुद्दों पर रेंज स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को पुलिस लाईन मुरैना स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल में कराया गया। मानव अधिकार मुद्दों पर रेंज स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में गठित कमेटी के सदस्य डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर अति. पुलिस अधीक्षक, विजय भदौरिया उप पुलिस अधीक्षक, सतेन्द्र सिंह, डॉ. संजय शर्मा के द्वारा मूल्यांकन किया गया। उक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में पुलिस लाइन से कनक सिंह चौहान रक्षित निरीक्षक मुरैना एवं सूबेदार गजेन्द्र सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पक्ष की ओर से निरी. रविन्द्र कुमार, आर. सूरज पंकज जिला पुलिस बल मुरैना, आर. आदित्य भदौरिया जिला पुलिस बल भिण्ड, आर. आनंद शर्मा जिला पुलिस बल दतिया एवं विपक्ष की ओर से म.प्र. आर. कृष्णा राठौर, आर. मनीष कोरकू मुरैना, आर. विशुन जिला पुलिस बल श्योपुर व आरक्षक आकाश शर्मा जिला पुलिस बल भिण्ड द्वारा 05-05 मिनिट की अपनी-अपनी प्रस्तुती दी।

रेंज स्तरीय मानव अधिकार विषयक मुद्दों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता समापन उपरान्त कमेटी सदस्यों द्वारा पक्ष एवं विपक्ष मे सम्मिलित प्रतिभागियों की विषयवस्तु वैचारिक अभिव्यक्ति, प्रस्तुतीकरण शैली, शब्द सयोजन, सौष्ठव गरिमा व महत्ता इत्यादि आवश्यक पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुये निर्णायक कमेटी द्वारा सम्यक समीक्षा व मूल्यांकन कर पात्रतानुसार पक्ष एवं विपक्ष से प्रथम एवं द्वितीय विजेता आर. आदित्य भदौरिया, जिला पुलिस बल भिण्ड एवं निरी रविन्द्र कुमार जिला पुलिस बल मुरैना व आरक्षक विशुन जिला पुलिस बल दतिया एवं आरक्षक आकाश शर्मा जिला पुलिस बल भिण्ड को घोषित किया गया, जो आगामी माह में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय मानवाधिकार विषयक मुद्दों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

# नृत्य नाटिका को मिली सराहना, ट्रॉफी के साथ माडल स्कूल के बच्चे सम्मानित



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित दशहरा उत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय माडल पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के बच्चों ने भगवान राम के आगमन को लेकर प्रस्तुत नृत्य नाटिका को जमकर सराहना मिली। समिति द्वारा ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के जाह्नवी प्रजापति, अंजली दांगी, गौरी माथुर, गायत्री कुशवाह, हर्षिका भार्गव ने भाग लिया। बच्चों की उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर प्रदीप राजपूत ने कहा भारतीय संस्कृति के महापुरुषों एवं मूल्यों को बच्चों में संस्कारित करना हमारा लक्ष्य रहा। संस्था के प्राचार्य नरवर्धन सिंह, शिक्षक हिमांशु श्रीवास्तव, मोहित शर्मा, वर्षा कद्रे, दीक्षा सोनी, आकाश आर्य सहित शिक्षक परिवार द्वारा शुभकामनाएं दी एवं स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# क्षत्रिय समाज ने कांग्रेस-भाजपा को हराने गंगाजल उठाकर खाई कसम

**मुरैना, देशबन्धु।** कांग्रेस से टिकिट कटने के बाद क्षत्रिय समाज में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है और लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। गुरुवार की दोपहर बागचीनी गांव में क्षत्रिय समाज के संगठन लोगों की महापंचायत हुई, जिसमें सभी ने कुलदीप सिकरवार का समर्थन किया और कहा कि बसपा से उन्हें जिताने के लिए क्षत्रिय समाज पूरी ताकत लगाएगा। इसके साथ ही जिलेभर की सभी 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस एवं भाजपा के प्रत्याशियों को हराने के लिए क्षत्रिय महासभा काम करेगी।

बागचीनी गांव में आयोजित महापंचायत में क्षत्रिय समाज के लोगों ने गंगाजल उठाकर कसम खाई कि विधानसभा चुनाव में सभी 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस और भाजपा को हराने का काम करेंगे। कांग्रेस द्वारा कुलदीप सिकरवार का टिकट काटकर उनके समाज का अपमान किया गया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस द्वारा दूसरी सूची में सुमावली विधानसभा क्षेत्र से कुलदीप सिकरवार का नाम फाइनल किया गया था, लेकिन बाद में अजब सिंह कुशवाह के विरोध एवं बसपा में चले जाने के बाद पार्टी ने पुनर्विचार कर अजब सिंह का टिकट फाइनल कर दिया और कुलदीप का टिकट काट दिया। टिकट कटने से आहत कुलदीप सिकरवार ने मीडिया के समक्ष रोते हुए कहा कि यह मेरा नहीं क्षत्रिय समाज का अपमान है। इसके तुरंत बाद उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली और अब सुमावली विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं।

### बसपा प्रत्याशी कुलदीप सहित 16 लोगों पर मामला दर्ज

**मुरैना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बहुजन समाज पार्टी से सुमावली विधानसभा प्रत्याशी कुलदीप सहित 16 लोगों के विरुद्ध आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुनील खेमरिया ने बताया कि बुधवार को बसपा प्रत्याशी कुलदीप सिकरवार एवं उनके समर्थकों द्वारा अपने घर पर भीड़ एकत्रित कर आचार संहिता का उल्लंघन किया एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुतला जलाया। जिस पर से कुलदीप सहित 16 लोगों के विरुद्ध आचार संहिता का उल्लंघन करने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने शहर में दिखाया दम, जमा किया नामांकन

**रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे**

**मुरैना, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 6 से कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर ने गुरवार को विशाल रैली निकालकर अपना दम दिखाया और कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन जमा किया। तत्पश्चात नगर के प्रमुख मार्ग पर रैली निकालकर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

गुरूवार को कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर के साथ सैकड़ो समर्थकों एवं कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुबह से ही पुराना बस स्टैंड पर सर में एकत्रित होने लगे और दोपहर 12 बजे तक सैकड़ो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई तथा हाथों में पार्टी का झंडा लिए, सिर पर पगड़ी लगाकर विशाल रैली शहर में निकाली। यहां रैली शहर के प्रमुख मार्गो से जनसंपर्क करती हुई निकली। शहर में अब चुनाव प्रचार धीरे-धीरे चोर पकडने् लगा है तथा कांग्रेस भाजपा एवं बसपा सहित निर्दलीय प्रत्याशी भी प्रचार प्रसार में जुट गए हैं।

रैली में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी अनिल भारद्वाज, महापौर शारदा सोलंकी, सभापति राधा रमन दंडोतिया, जिला कांग्रेस ग्रामीण संगठन मंत्री सुभाष सिकरवार, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह डंगस, जिला कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष विनोद शर्मा हांसई, शहर कांग्रेस प्रवक्ता हरीश पाठक, पवन शर्मा, लोकेन्द्र यादव, विक्रमराज मुदगल, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष नजमा बेगम, श्रीमती संजू शर्मा, शशि सक्सेना, अब्दुल रज्जाक पटेल, गजेन्द्र मावई, रमेश अर्गल, कुलदीप यादव, कार्यालय मंत्री रामू टुंडेलकर, करनपाल सिकरवार, प्रमोद परमार, अवनीश कटारे मौजूद रहे।

**भीड़ के चलते पुराना बस स्टैंड पर लगा रहा जाम:** गुरुवार की दोपहर कांग्रेस की रैली के लिए एकत्रित हो रहे प्रत्याशी दिनेश गुर्जर के समर्थक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ तथा वाहनों की सडक् पर पार्किंग के चलते पुराना बस स्टैंड पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही और यातायात पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### चौथे दिन 14 अभ्यार्थियों ने भरे नाम-निदेशन पत्र

**मुरैना।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत गुरूवार 26 अक्टूबर को जिले में 14 अभ्यार्थियों ने अपने नाम-निदेशन पत्र जमा किये। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 सबलगढ़ से बैजनाथ सिंह कुशवाह कांग्रेस, अशोक तिवारी कम्यूनिस्ट पार्टी, धीरज सिंह भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी और लाल सिंह राठौर ने समाजवादी पार्टी से नाम-निदेशन पत्र जमा किया। विधानसभा क्षेत्र 04 जौरा से पातीराम शाक्य ने जन अधिकार पार्टी से नाम-निदेशन पत्र जमा किया।

विधानसभा क्षेत्र 05 सुमावली से अजब सिंह कुशवाह कांग्रेस से नाम-निदेशन पत्र जमा किया। वहीं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06 मुरैना से राजकुमार समता मूलक पार्टी, मुरारी लाल मित्तल निर्दलीय, दिनेश गुर्जर ने इंडियन नेशनल कांग्रेस और रमेश उपाध्याय ने आम आदमी पार्टी से नाम निदेशन पत्र जमा किये। विधानसभा क्षेत्र 07 दिमनी से रविन्द्र सिंह कुशवाह ने राष्ट्रीय समानता दल से नाम-निदेशन पत्र जमा किया। विधानसभा क्षेत्र 08 अम्बाह से देवेन्द्र सखवार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस, कमलेश जाटव ने भारतीय जनता पार्टी और रामवरण सिंह ने बहुजन समाज पार्टी से नाम निदेशन पत्र जमा किये।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### कच्चे मकान की दीवार, 3 घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही मार्ग पर स्थित ग्राम बरई में गुरुवार सुबह एक घर की दीवार गिरने की वजह से घर में मौजूद तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बरई निवासी हरीश पुत्र बाबूलाल गायकी के कच्चा घर की क्षतिग्रस्त दीवार गुरुवार सुबह अचानक से भरभरा कर गिर गई। जब दीवार गिरी उस समय उसकी पत्नी और दो बच्चे घर में ही थे। जो दीवार गिरने की वजह से इसकी चपेट में आ गए। हालांकि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। हरीश ने बताया कि विगत कई दिनों से उनके घर की दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और दरार पड़ चुकी थी। जिसके संबंध में उन्होंने ग्राम पंचायत को भी सूचना दे दी थी। गुरुवार सुबह जब खेत पर सोयाबीन काटने गए थे तब उन्हें पड़ोसियों ने बताया कि उसके घर की दीवार गिर गई। जिसके चलते उसके बीवी और बच्चे घायल हुए हैं। वह तत्काल वापस घर पहुंचा और उन्हें बाहर निकाला, गनिमत रही की कोई गंभीर रूप से घायल नही हुआ।

### सुनंदा को बनाया चुनाव प्रभारी



**सारनी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए आमला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महिला नेत्री सुनंदा नंदू पाटिल को आमला विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति नर्मदापुरम संभाग की संभाग प्रभारी बबीता परमार ने की है। आमला विधानसभा क्षेत्र के 264 गांव और शहरी क्षेत्र की जिम्मेदारी सुनंदा नंदू पाटिल को सौंपा गया है। चुनाव प्रभारी नियुक्त होने के बाद सुनंदा नंदू पाटिल ने बताया कि उनके माध्यम से ग्रामीण, शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क करके राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी क्षेत्र के मतदाता और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को देने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से वे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर राज्य और केंद्र सरकार की योजना बताने का कार्य करेंगी। सुनंदा नंदू पाटिल की नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### झांकी बनाकर बच्चों ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी में सती अनुसया माता मंदिर नेहरू वार्ड में विराजित मां दुर्गे की प्रतिमा विसर्जन के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चो ने मां दुर्गा, ताप्ती, शीतला, काली, शारदा, भवानी, भैरव बाबा, भोले बाबा एवं बजरंगबली बनकर जगह जगह पर नाटिका के द्वारा पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस दौरान झाकी एवं नन्हे मुन्ने बच्चों का जगह जगह पर नागरिकों द्वारा फूल वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। अनुसया माता मंदिर के पुजारी मुन्नालाल साहू ने बताया मंदिर में भी नौ दिन तक पर्यावरण बचाने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे मां की आस्था के साथ पर्यावरण के प्रति लोगो में जागरूकता आई। माता के समक्ष नन्हे मुन्ने बच्चो ने नव देवी रूपो की जीवंत झाकी की नगर वासियों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर पुजारी मुन्नालाल साहू, कृष्णा साहू,पन्नालाल दियावार, विक्की प्रजापति,पवन साहू,काशी चिल्हाटे,गोकुल साहू,दुर्गेश यादव, सुमित साहू,सोनू साहू,दीपक साहू, कन्हैया साहू,रवि साहू,रितिक जोशी, मनीष साहू,पिंटू बचले,राकेश पवार बादल साहू ,राजेश साहू, प्रदिप साहू आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस विधायक पांसे और बसपा से खातरकर ने जमा किए नामांकन





**मुलताई, देशबन्धु।** विधान सभा चुनाव के लिए गुरुवार कांग्रेस उम्मीदवार एवं वर्तमान विधायक सुखदेव पांसे एवं सेवानिवृत्त बीईओ इंदल राव खातरकर ने बसपा से नाम निर्देशन पत्र जमा किए। रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम तृप्ति पटैरया ने बताया कि गुरुवार कांग्रेस से सुखदेव पिता बसंतराव पांसे निवासी मंगोना कला एवं बसपा से इंदलराव पिता भिवाजी खातरकर निवासी आष्टा ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए है। वहीं कृपालसिंह पिता बलवंत सिंह सिसोदिया निवासी कान्हा बघोली सपा, जगदीश पिता दौलतराव दोड़के निवासी जौलखेड़ा निर्दलीय, सुभाष पिता केशोराव देशमुख निवासी प्रभातपटटन भाजपा, प्रवीण पिता गजानन निवासी मुलताई निर्दलीय ने नाम निर्देशन पत्र ले गए है। गुरुवार को कुल 4 व्यक्तियो द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए। वहीं कुल 2 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए।

**30 को सांसद नकूलनाथ के साथ बी फार्म जमा करेंगे सुखदेव पांसे:** गुरुवार बिना किसी लाव लश्कर के कांग्रेस उम्मदीवार एवं वर्तमान विधायक सुखदेव पांसे पहले ताप्ती मंदिर पहुंचे जहा उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां ताप्ती का आशीर्वाद लिया और शुभ मुहूर्त में वे तहसील कार्यालय पहुंचे जहां अपना नाम निर्देशन पर जमा किया, विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 30 अक्टूबर को छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ के साथ पांसे बी फार्म जमा करने फिर से आएंगे तब हजारों लोगों के जुलूस के साथ उनका शक्ति प्रदर्शन भी हो सकता है। जिसके लिए तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

**अंतिम दिन शुभ मुहूर्त में नामांकन भरेंगे हेमंत देशमुख:** विधानसभा चुनाव के नामांकन शुरू होते ही हेमंत देशमुख द्वारा नामांकन फार्म प्राप्त करने के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वे भी अपना नामांकन गुरुवार दाखिल करेंगे, बुधवार मुलताई आए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सभा में वे मंच पर दिखाई दिए थे, जिसके बाद यह भी चर्चा जोरों पर थी की अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। इस संबंध में उनसे चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि वे फिलहाल तैयारी कर रहे हैं और नामांकन के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में अपना नाम निर्देशन पत्र जमा करेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. पंडाग्रे ने दाखिल किया नामांकन



**सारनी, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर योगेश पंडाग्रे ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उनके साथ पत्नी मंजू पंडाग्रे सहित अन्य परिजन एवं विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी भी मौजूद थे। पंडाग्रे ने अपना नामांकन आमला के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीम शैलेन्द्र बडोनिया के पास दाखिल किया।

डॉ योगेश पंडाग्रे वर्ष 2018 के बाद वर्ष 2023 में दूसरी बार आमला विधानसभा क्षेत्र से अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सन 1977 से आमला विधानसभा अस्तित्व में आई और अभी तक छह बार भाजपा और चार बार कांग्रेस के प्रत्याशी इस विधानसभा क्षेत्र से विजय हुए हैं जबकि परिसीमन 2008 में हुआ तभी से लेकर अभी तक लगातार भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी यहां से विजय होते आ रहा है। इस बार कांग्रेस, भाजपा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, जयस के उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इस वजह से चुनावी समीकरण कैसा होगा इसका अंदाजा अभी नहीं लगाया जा सकता।

# पाथाखेड़ा पुलिस ने अवैध महुआ शराब की जप्त



**सारनी, देशबन्धु।** पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से अवैध रूप से कच्ची शराब का निर्माण कर बेचने की तैयारी करने वाले एक युवक को अवैध रूप से 70 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दबोचने का काम किया है। युवक के खिलाफ पाथाखेड़ा पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबिद्ध किया है। पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी दिलीप यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल जोशी, सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन एवं थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के मार्गदर्शन में मुखबिर के द्वारा सूचना दिए जाने पर केरिया उमरी गांव के दिलीप मर्सकोले के घर के पास अधिक मात्रा में अवैध कच्ची शराब बेचने के लिए रखा था जिस पर सूचना मिलते ही पाथाखेड़ा चौकी के दल के द्वारा रेड कार्रवाई की गई जिसमें दिलीप मर्सकोले को 70 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक दिलीप यादव, सहायक उप निरीक्षक रामबगम कुमरे,आसिफ खान, बसंत उईके, मिथिलेश उईके, हीरालाल का सराहनीय योगदान रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी पटेल ने दाखिल किया नामांकन

**▶ रैली एवं सभा का हुआ आयोजन, केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर हुए शामिल**



**हरदा,देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी कमल पटेल ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने रैली का आयोजन कर एक सभा का आयोजन भी किया। नामांकन रैली का शुभारंभ संत रविदास चोक खेड़ीपुरा से किया। रैली शहर के प्रमुख मार्ग घंटाघर,चांडक चौराहा से होती हुई प्रताप टॉकीज के पास आम सभा स्थल तक पहुंची। रैली एवं सभा में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए तोमर ने कहा कि हरदा में कमल पटेल की नामांकन रैली में बड़ी संख्या में लोग आए हैं उनका उत्साह देखकर कह सकता हूं कि कमल पटेल की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि कमल पटेल युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष थे, तब यहां पर उन्होंने एक बड़ा आयोजन कराया था उस समय मैं भी यहां आया था । उसी समय मैंने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी को कमल पटेल के रूप में हरदा में नया नेता मिल गया है। उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं सभा को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी कमल पटेल ने उनके कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को बताते हुए हरदा में फिर से कमल खिलाने की बात कही। इस दौरान मंच पर तोमर की मौजूदगी में दो दर्जन से अधिक कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुए।

# ऑटो चालक के साथ 2 लोगों ने की मारपीट



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पठान रोड पर स्थित गैस एजेंसी के सामने गुरुवार दोपहर एक ऑटो चालक के साथ दो लोगों द्वारा गली क्लोज और मारपीट करने का मामला सामने आया जहां पर यूको द्वारा ऑटो का कार्ड भी फोड़ दिया गया। जिसके बाद ऑटो चालक ने पुलिस थाने पहुंचकर दोनों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत कर्ता ऑटो चालक महादेव पिता गुलाबराव हजारे उम्र 40 वर्ष निवासी सावंगा ने बताया कि वह अपना ऑटो लेकर करीब 1.00 बजे पट्टन रोड स्थित गैस एजेन्सी पर गैस सिलेण्डर लेने के लिये गया था, वह गैस लेकर अपने आटो को निकाल ही रहा था कि तभी खरसाली निवासी विजय और बबलू अपनी मोटरसाईकल से उतरे और उसके साथ मारपीट करते हुये मुझे गाली गलौच करने लगे और कहने लगे कि कैसा आटो चलाता है कहते हुये उन्होंने उसकी आटो का कॉच फोड़ दिया। महादेव ने पुलिस थाने पहुंचकर दोनो के खिलाफ लिखित शिकायत कर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# जल जीवन मिशन महाप्रबंधक ने ग्राम भारती कार्यालय का किया निरीक्षण



**सारनी, देशबन्धु।** महिलाओं के माध्यम से 227 पंचायत का काम बड़ी सजाता और आसानी के साथ करना बड़ी चुनौती है,ग्राम भारती महिला मंडल के माध्यम से यह काम को अंतिम मुर्त देने का कार्य किया गया है जो तारीफे कबील है। यह बात जल मिशन के महाप्रबंधक विजय जादौन ने ग्राम भारतीय महिला मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के माध्यम से इस तरह बड़ी परियोजना पर काम करना वाकई तारीफ के काबिल है महिलाओं को आत्मनिर्भर किस तरह बनाया जा सकता है इस पर भी ग्राम भारतीय महिला मंडल के माध्यम से बेहतर कार्य किया जाता रहा है। ग्राम भारतीय महिला मंडल अध्यक्ष भारतीय अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने घरेलू उत्पादन को कुटीर उद्योग का रूप कैसे दिया जा सकता है इस पर काम किया जा रहा है और इस पर सफलता भी मिल रही है। ग्राम भारती महिला मंडल शोभापुर में म.प्र जल निगम मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम जल जीवन मिशन महाप्रबंधक का आगमन हुआ। जिसमे उन्होंने संस्था द्वारा संचालित हो रही गतिविधियों की सराहना की एवं जल जीवन मिशन परियोजना से संबंधित सभी दस्तावेज की बारीकी से जांच की एवं संचालित परियोजना अंतर्गत चयनित 227 ग्रामों की फाइलों का अवलोकन किया। संचालित परियोजना के दस्तावेजीकरण सुव्यवस्थित संग्रहण देखकर अत्यधिक खुशी जाहिर की,वही संस्था की गतिविधियां व व्यवस्थाओं को देख कर प्रसन्नता जाहिर की साथ ही सभी कार्यकर्ता के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

# पहुंची किसान मजदूर बचाओ यात्रा, 11 नवंबर को सीहोर में होगा समापन



**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने पूरे मप्र में 3 अक्टूबर से किसान मजदूर बचाओ यात्रा शुरू की है। यह यात्रा गुरुवार को बैतूल पहुंची। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान मजदूरों और किसानों पर हो रहे अन्याय को लेकर राजनैतिक पार्टियों पर निशाना साधा। महासंघ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह ने कहा हमारा संगठन गैर राजनैतिक है। केंद्र व राज्य सरकार निरंतर किसानों और मजदूरों की उपेक्षा कर रही हैं। किसान व उसका परिवार कर्ज के दुष्चक्र में बुरी तरह से जकड़ा हुआ है। आज किसान का बेटा पहले जैसा नहीं रहा। सोशल मीडिया चलाने लगा है। किसान हित के लिए कौन से निर्णय लिए जा रहे हैं और कौन से नहीं उसे समझने लगा है। यात्रा प्रभारी ओमप्रकाश राजोरिया ने बताया कि यह यात्रा मप्र के सभी जिलों में जन जागरण करते हुए 500 किमी की दूरी तय करेगी। 11 नवंबर को सीहोर में इस यात्रा का समापन होगा। यात्रा प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शोभाराम भलावी, ओमप्रकाश राजोरिया, संगठन मंत्री बहादुर सिंह मीडिया प्रभारी मोरार सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष मध्य भारत प्रांत मनमोहन सिंह रघुवंशी, संगठन मंत्री मध्य भारत प्रांत गोपाल पाटीदार, नंदराम गुर्जर, लक्ष्मी नारायण वर्मा, दुर्गाबाई के नेतृत्व में निकाली जा रही है।

# दिव्यांगों के सहायतार्थ आयोजित किया शिविर, वितरित की उपयोगी सामग्री



**सारनी, देशबन्धु।** आज यहां श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र मुक्तागिरी में दिल्ली की सुप्रसिद्ध अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा आयोजित दिव्यांग कैम्प सम्पन्न हुआ। कैम्प के पुन्यार्जक मृदुला जैन व ओशो जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाराष्ट्र सरकार दिव्यांग मंत्रालय के प्रभारी ओम प्रकाश कड़ू ने कहा कि मुक्तागिरी में कैम्प के आयोजन से अमरावती के भी दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान कर,सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धक्षेत्र मुक्तागिरी के प्रबन्ध न्यासी अतुल जैन कलमकर ने की। तरुण मित्र परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि नरेश चंद जैन की स्मृति व मृदुला जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ओशो जैन परिवार दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस 49 वें विराट दिव्यांग कैम्प में दिव्यांगों को 33 कृत्रिम पैर,11 कृत्रिम हाथ,पोलियोग्रस्त बच्चों को 22 कैलिपर्स,5 आर्थोशूज,9 स्टिक,4 बैसाखियां,3 वाकर आदि के अतिरिक्त 23 श्रवणहीन बुजुर्गों को श्रवणयंत्र प्रदान किए गये। कैम्प के प्रकल्प प्रमुख प्रदीप जैन आग्रेकर ने बताया कि इस अवसर पर एक अक्षम कन्या को कम्बोट व्हील चेयर व एक कालेज छात्रा को विशेष श्रवणयंत्र भी प्रदान किए गए। उन्होंने सिद्धक्षेत्र मुक्तागिरी में प्रथम बार दिव्यांग कैम्प लगाने तरुण मित्र परिषद का आभार व्यक्त किया,अंत में तरुण मित्र परिषद के महासचिव अशोक जैन ने कैम्प की सफलता श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र मुक्तागिरी के प्रबन्ध न्यासी अतुल जैन कलमकर, प्रकल्प प्रमुख प्रदीप जैन आग्रेकर व उनकी समस्त टीम के सहयोग की सराहना की । इस अवसर पर तरुण मित्र परिषद के सहसचिव आलोक जैन, रविन्द्र कुमार जैन, दीपक जैन, जयंत जोहरापुरकर, विकास रायबागकर,शेखर रोड़े,अमरावती व अंजनगांव के सभी कार्यकर्ताओं आदि का सहयोग रहा ।

*नपा कर्मचारी, पुलिस बल और बिजलीकर्मी रहे तैनात*

# बुकाखेड़ी डेम में देर रात तक हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन





**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में जगह जगह पर छोटी बड़ी सभी प्रतिमाओं को मिलाकर लगभग 100 से ज्यादा प्रतिमाओ की स्थापना की गई थी, दशहरे के दिन से शुरू हुए विसर्जन में गुरुवार सुबह तक कुल 81 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, वहीं गुरुवार दिन में एक भी प्रतिमा का विसर्जन नही हुआ। प्रति वर्ष अनुसार नगर पालिका द्वारा बुकाखेड़ी डैम पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था बनाई गई। जहां पर बुधवार देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होते रहा।

विसर्जन के दौरान बुका खेड़ी डेम पर भारी संख्या में नगर पालिका के कर्मचारी, पुलिस बल, बिजली विभाग की कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए विसर्जन स्थल पर गोताखोरों की टीम को भी तैनात किया गया था। वही बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका द्वारा क्रेन की व्यवस्था भी करवाई गई थी, ताकि कोई असुविधा न हो। नगर पालिका द्वारा कराई गई बेहतर व्यवस्थाओं से मां दुर्गा के भक्त खुश नजर आए और व्यवस्थित मां दुर्गा का विसर्जन संभव हो पाया। नगर में जगह जगह पर करीब 100 से ज्यादा प्रतिमाएं बैठाई गई थी। इस संबध में योगेश अनेराव और अर्जुन पिपले ने जानकारी देते हुए बताया की गुरुवार सुबह तक कुल 81 प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका था, जबकि अभी भी करीब 20 प्रतिमाओं का विसर्जन शेष था। नगर के ताप्ती वार्ड स्टेशन चौक पर विराजी मां दुर्गा के विसर्जन के लिए प्रति वर्ष नागपुर महाराष्ट्र से ढोल तासे बुलाए जाते है, जिन्हें देखने के लिए दर्शक बड़ी संख्या में जुटते है। दुर्गा मंडल के अध्यक्ष कमलाकर मासोदकर, नारायण साहू, सौरभ कड़वे, जयप्रकाश भावसार ने जानकारी देते हुए बताया की गुरुवार शाम सुप्रसिद्ध ढोल ताशा एवं भव्य देवी झांकी निकाली गई।

## सार समाचार

### विस चुनाव की रिहर्सल, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**इटारसी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हों और कहीं कोई विघ्न नहीं डाले इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह से तैयारी कर रहा है। चुनावों के लिए बाहर से पुलिस बल भी आ रहा है। आज सिवनी मालवा विधानसभा के ग्रामीण अंचलों जमानी सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। आला अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने पैदल मार्च किया।

### डोर टू डोर मतदाताओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। गुरुवार को मतदान केन्द्र क्रमांक 211 एवं 212 देशबन्धुपुरा इटारसी में वार्ड में जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुन्जय प्रताप सिंह बिसेन के निर्देशानुसार फेण्डस स्कूल इटारसी के समस्त स्टाफ द्वारा रैली निकाली गई। 150 बच्चे, स्कूल स्टाफ, बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा स्लोगन लिखी तख्ती लिए रैली निकाली गई तथा फ्रेंड्स स्कूल परिसर में शपथ भी ली गई।

छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करे मतदान, वोट करें वफादारी से चयन करे समझदारी से,वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, वोट डालने चलो रे साथी लोकतंत्र के बनो बराती, जाए वोट डालने जाए अपना वोट काम में लाए इत्यादि नारों से लिखी तख्तियां लेकर रैली निकाली गई एवं नारे लगाए जाए। बूथ लेवल आफिसर, सुपरवाइजर तथा स्कूल के स्टाफ ने घर घर जाकर तथा जो मतदाता बाहर है उनसे मोबाइल पर चर्चा कर संबंधितों को वोट डालने के प्रेरित किया गया। सभी ने वोट डालने का आश्वासन भी दिया। मतदान केन्द्र क्रमांक 214,216 युगान्तर हरिजन शिक्षण संस्थान तथा 217 प्राथमिक शाला नाला मोहल्ला में भी स्टाफ के साथ भ्रमण किया टाटा 17 परिवारों के संकल्प पत्र भरवाये गये। शास. उमावि कन्या इटारसी के समस्त स्टाफ एवं बच्चियों द्वारा रैली निकाली गई।।

# जीआरपी ने अवैध गांजे के साथ महिला को गिरफ्तार किया

**इटारसी, देशबन्धु।** विधान सभा चुनाव 2023 के परिपेक्ष्य में सघन चेकिंग के दौरान जीआरपी इटारसी को एक और बड़ी सफलता मिली है। रेल्वे स्टेशन इटारसी पर अवैध गांजा कीमती करीब 2 लाख 40 हजार का परिवहन करते विशाखापट्टनम की महिला को पकड़ा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश राज्य में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे नगदी रूपये, मादक पदार्थ, सोने चांदी आदि अन्य कीमती धातु अथवा उनके आभूषण, देशी विदेशी शराब, मतदाताओं को प्रलोभित किये जाने के उद्देश्य से वितरित किये जाने वाले उपहार आदि के संबंध में आचार संहिता अवधि में जप्ती की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त होने पर रेल पुलिस इकाई भोपाल क्षेत्रांतर्गत रेल्वे स्टेशन एवं ट्रेनों में सघन चेकिंग हेतु हितेश चौधरी,



पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल, प्रदीप पटेल अति. पुलिस अधीक्षक रेल एवं श्री महेंद्र सिंह कुल्हाड़ा उप पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के मार्गदर्शन में थाना जीआरपी इटारसी में जीआरपी, आरआईबी इटारसी एवं आरपीएफ स्टाफ की गठित संयुक्त टीम को स्टेशन चेकिंग के पीएफ नंबर 01 खंडवा छोर तरफ, रेल्वे स्टेशन इटारसी पर एक संदिग्ध महिला दिखी।

पूछताछ कर चेकिंग किये जाने पर महिला के पिट्ठू बैग से अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। नाम पता पूछने पर महिला ने अपना नाम कल्याणी राव पति राम गोपाल राव उम्र 40 साल निवासी ग्राम पेंडु थाना मधपालम, जिला विशाखापट्टनम का होना बताया। गांजे की मात्रा लगभग 06 किलो की 2,40,000 रुपए थी। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार मौके की कार्यवाही की जाकर अपराध पंजीबद्ध किया विवेचना में है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार विशेष न्यायालय नर्मदापुरम मे पेश किया। उक्त कार्य में जीआरपी इटारसी से निरीक्षक रामस्नेह चौहान, सउनि अनीता दास, सउनि शेख मकसूद, प्रधान आरक्षक कृष्णकुमार, राजेन्द्र यादव, दीपक यादव, सुमित, संगीता धुर्वे आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी, आरक्षक राकेश मीना, अशोक बारीवे की सराहनीय भूमिका रही।

## पूरी गंभीरता और सजगता से मतदान संपन्न कराएं : निर्वाचन अधिकारी



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मतदान दलों को 80 से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं को दिए जाने वाले पोस्टल बैलेट का गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष 80 से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर पहुंच मतदान की सुविधा दी जा रही हैं। घर जाकर वोटिंग के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को अच्छे से समझे। इस प्रक्रिया में आवश्यक सावधानियां बरती जानी हैं, जिसका आपको विशेष ध्यान रखना होगा पोस्टल बैलट से संबंधित प्रक्रिया में शंका होने पर प्रशिक्षण में पूछकर तत्काल उसका समाधान कर लें। कलेक्टर ने मतदान दल के अधिकारियों से पोस्टल बैलेट प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछते हुए उनका भी समाधान भी किया। कलेक्टर ने कहा कि घर पहुंच मतदान दल में पीठासीन स्तर के एक अधिकारी एवं एक अन्य मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर, सुरक्षा कर्मी मौजूद होंगे। इसके साथ ही बीएलओ इस प्रक्रिया में आपका सहयोग करेंगे। जिसके अनुसार आपको कार्य करना होगा। उन्होंने मतदाता के घर में होने वाले मतदान की गोपनीयता के संबंध में बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई भी प्रचार प्रसार नहीं होगा। अभ्यर्थी के प्रतिनिधि बूथ लेवल एजेंट की तरह कार्य करेंगे। जिनका काम केवल और केवल मतदाताओं का सत्यापन होगा। मतदान दल केवल निर्धारित पते पर ही मतदान की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित कराएं। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मतदान केंद्र पर कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे। वोटिंग कंपार्टमेंट के अलावा समस्त मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी किया जाना सुनिश्चित कराएं। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा घर पहुंच मतदान के संबंध में मतदान दलों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ सहित सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मतदान दलों के सदस्य उपस्थित रहें।

## कन्या उमा विद्यालय की छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने आज मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया।

रैली में जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन नर्मदापुरम द्वारा सहभागिता की गई। रैली में लगभग 480 छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों प्राचार्य अखिलेश शुक्ल, महेश कुमार रायकवार, सतीश खलको, श्रीमती विनीता दुबे, विनय सोनिया, विनोद दुबे, प्रकाश चौधरी, श्रीमती सुनिता चौधरी, श्रीमती चांद बी, श्रीमती शोभना गौर, श्रीमती वर्मा, श्रीमती रिमी सिंग, श्रीमती शुक्ला, श्रीमती सिंग, श्रीमती सोहनी, श्रीमती शर्मा, श्रीमती सरोज राव, धनलक्ष्मी, ममता ठाकुर, पुष्पा मालवीय, गीता वानखेड़े, संतोष भारद्वाज एवं अन्य लोगों सहभागिता की।

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र में रैली के दौरान मतदाताओं को दिलाई शपथ



**नर्मदापुरम।** जिले के विकासखंड केसला के स्वास्थ्य केंद्र मोरपानी के ग्राम मर्यारपुर में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र के दौरान ग्राम की महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई, जिसमें मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रयोग करने के संबंध में जागरूक किया तथा उन्हें यह संदेश भी दिया कि वे मतदान दिवस के दिन सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसी दौरान उपस्थित सभी महिलाओं एवं पुरुषों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांगाखेड़ा कला की छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत रंगोली और ड्राइंग बनाए गए।

## खेत के कुए में था पांच फीट का कोबरा, निकालकर जंगल में छोड़ा

**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम गुर्रा स्थित एक खेत के कुए में गिरे कोबरा को सर्प मित्र ने सुरक्षित निकालकर जंगल में छोड़ दिया है। कोबरा को एक रस्सी में झाड़ियां बांधकर उसके सहारे बाहर निकाला। कोबरा की लंबाई करीब पांच फिट थी।ग्राम गुर्रा निवासी ऋषभ चौरे की सूचना पर रिधौड़ा खेड़ा निवासी सर्प मित्र अभिषेक चौरे एवं सर्पमित्र अभिजीत चौरे मौके पर पहुंचे। दोनों ने खेत पर बने कुएं में देखा, पानी भरा हुआ था। कोबरा करीब करीब 20 फीट गहरे कुएं में गिर गया था। ऋषभ चौरे ने बताया कि वह खेत में धान कटवाने आया था, तो कुएं में सांप दिखा। उन्होंने तुरंत सर्प मित्र को कॉल कर बुलाया। सांप को निकाल कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया है।

## लायंस क्लब कपल ने जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए



**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस कपल क्लब इटारसी द्वारा सेवा गतिविधि के तहत आज बोरतलाई में सत्संग भवन के पास निर्धन, गरीबों और बुजुर्गों अवाम बच्चों को कपड़ों का वितरण किया और उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से चार्ट प्रेसिडेंट लाइन प्रीति दुबे, क्लब अध्यक्ष डॉ. रविंद्र गुप्ता, सचिव डॉ राकेश बत्रा, विजयंत बड़कुल, डॉ पूजा गुप्ता, विनीता बड़कुल, डॉ. अभिषेक सोनी, लोकेश साहू, डॉ. संजय गुप्ता विशेष सहयोगी अमित चौधरी उपस्थित थे।

## 5 जुआरियों से नगदी और वाहन सहित 8 लाख से अधिक का माल जब्त किया

**इटारसी, देशबन्धु।** शिवपुर पुलिस ने पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर उनसे करीब 20 हजार 500 रुपए नगद, 4 लाख कीमत की एक कार, दो लाख कीमत की बुलेट एक लाख की एक बाइक सहित करीब 8 लाख 20 हजार 5 सौ रुपए का माल बरामद किया है।

मुखबिर से सूचना मिली थी कि कमल सिंह यदुवंशी के खेत में ग्राम बाबरी से पांच लोग टार्च की रोशनी में जुआ खेल रहे हैं। एसडीओपी सिवनी मालवा सुश्री आकांशा चतुर्वेदी ने थाना प्रभारी उप निरीक्षक विवेक यादव के नेतृत्व में टीम गठित की और देर रात टीम को रवाना किया। टीम को ग्राम बाबरी पथाडा रोड पर खेत में मेड़ के पास जाम के पेड़ के नीचे कुछ लोग टार्च की रोशनी में जुआ खेलते दिखाई दिये जिन्हें स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा।

### इन पांच को पकड़ा

सोनू सिंह पिता मंगलसिंह भाटिया उम्र 20



साल निवासी बंगाली कालोनी सरदार मोहल्ला नर्मदापुरम के पास से एवं फड़ से 4500 रुपए, जितेन्द्र सेन पिता रमेशचन्द्र सेन उम्र 24 साल निवासी पाडल्या नसरुल्लागंज के पास से एवं फड़ से 4500 रुपए, मुकेश पिता शिवलाल यदुवंशी उम्र 21 साल निवासी बाबरीघाट थाना शिवपुर से एवं फड़ से 3500 रुपए परसुख पिता रामप्रसाद मेहरा उम्र 40 साल निवासी बाबरी घाट से एवं फड़ से 5000 रुपए, मूलसिंह पिता नर्मदाप्रसाद यदुवंशी उम्र 45 साल निवासी बाबरी घाट के पास से एवं फड़ से 3000 रुपए कुल 20500 रूपये एवं 52 ताश के पत्ते मिल।

मौके से एक सफेद रंग का रूमाल फड़ पर बिछा हुआ मिला एवं स्विफ्ट डिजायर कार एमपी 04 सीएल 3969 कीमती 400000 रुपए, रायल इन्फील्ड बुलेट एमपी 05 जेडबी 9777 एवं काले रंग की पल्सर मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 09 व्हीएन 2469 कीमती 100000 रुपए एवं टार्च सहित कुल मशरुका 8,20,500 रुपए का जब्त किया। इसमें एसआई विवेक यादव, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक आशीष तिरोलिया, प्रधान आरक्षक राजेश, आरक्षक अमर, नरेंद्र, सुनील जाट, जयपाल, गौरीशंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छात्र-छात्राओं ने न्यास कालोनी में जागरुकता अभियान चलाया




**इटारसी, देशबन्धु।** स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा न्यास कॉलोनी इटारसी में जन जागरूकता अभियान चलाया।

विद्यार्थियों ने मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया ऐसे मतदाताओं के बारे में जानकारी एकत्र की जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव 2018 में मतदान नहीं किया था उनके कारणों को जाना। मतदाताओं ने यह बताया कि कुछ परिवारों के बच्चे कोचिंग एवं अन्य काम से बाहर रहते हैं, ऐसे व्यक्ति मतदान नहीं कर पाते हैं, ना ही निर्वाचन आयोग के द्वारा ऐसे मतदाताओं के लिए कुछ विशेष रियायत नहीं दी जाती है।

कुछ मतदाता ऐसे भी निवास करते हैं जो बाहर धंधा के चक्कर में दूसरे शहरों में रहते हैं। अपने मतदान का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। इसके पश्चात निर्वाचन की नोडल अधिकारी डॉ संतोष कुमार अहिरवार मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कॉलेज कैंपस में मानव श्रंखला बनाकर एवं संकल्प लेकर जागरूकता कार्यक्रम को सत प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प ही लिया।

## कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी को जिताने का आह्वान



**इटारसी, देशबन्धु।** आज नगर कांग्रेस कमेटी का कार्यकर्ता सम्मेलन अग्रवाल भवन में हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गिरजाशंकर शर्मा ने भाजपा की कई कमियां गिनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी ने उनको प्रत्याशी बनाया है, हो सकता है कि मुझमें कमियां हों, उनको आपको ही दूर करना है। जैसे दूल्हे में कमी होती है तो उसे तरीके से सजाया जाता है। उन्होंने कहा कि 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिये सभी को तैयार रहना है। श्री शर्मा ने सभी से आग्रह किया सबको मेहनत कर के मप्र में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनानी है। कार्यकर्ताओं को पूर्व मंत्री विजय दुबे काकू भाई, कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, अनिल अवस्थी, रविकिशोर जायसवाल, संजय गोठी, जिला संगठन मंत्री मधुसूदन यादव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल, सेवादल यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी सहित वरिष्ठजन मंचासीन थे।

## गुरुवार को नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र से 5, सोहागपुर से 4 और सिवनीमालवा से 1 नाम निर्देशन पत्र हुए जमा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र नर्मदापुरम से 5 तथा सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से 4 तथा सिवनीमालवा विधानसभा से 1 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये। रिटर्निंग अधिकारी नर्मदापुरम से आशीष पांडे ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र नर्मदापुरम के लिये डॉ सीतासरन शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी से अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। उन्होंने 2 निर्देशन पत्र के सेट जमा किए। इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रत्याशी गिरिजाशंकर शर्मा ने भी आज अपने नाम निर्देशन पत्र का दूसरा सेट जमा किया। बहुजन समाज पार्टी से नर्मदापुरम के प्रत्याशी प्रदीप मांझी और राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी से गुलाबदास बड़ोदिया ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया हैं। रिटर्निंग अधिकारी सोहागपुर बृजेन्द्र रावत ने बताया कि सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से गुरूवार को 4 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा कराया। उन्होने बताया कि इंडियन नेशनल कांग्रेस से पुष्पराज सिंह ने नाम निर्देश पत्र जमा किया। विजयपाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से अपने नाम निर्देशन पत्र का दूसरा सेट जमा किया। इसी प्रकार बहुजन समाज पार्टी से हेमराज एवं आम आदमी पार्टी से उमेश कुमार द्वारा अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। सिवनीमालवा विधानसभा में राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र रघुवंशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र रजिस्ट्रेशन अधिकारी सिवनीमालवा प्रमोद गुर्जर के पास जमा किया। पिपरिया विधानसभा से कोई भी नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र 30 अक्टूबर तक जमा होंगे, 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने व चुनाव चिन्ह आवंटन की कार्यवाही 2 नवम्बर को सम्पन्न होगी।

## गंजाल नाकों पर 15 लाख रुपए तो आंवली घाट पर 77 हजार की राशि की जप्त



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी ढंग से क्रियान्वन किया जा रहा है। निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामग्रियों की जांच के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह द्वारा जिले में 13 स्थैतिक निगरानी दल बनाए गए हैं जो 24 घंटे वाहनों की सघन जांच कर रहें है। इसी क्रम में बुधवार को सिवनीमालवा में गंजाल नाका पर एसएसएटी दल द्वारा 15 लाख 98 हजार 631 रुपए की राशि वाहन चेकिंग के दौरान जप्त की गई है। जप्त की गई राशि हरदा निवासी अब्दुल हमीद पिता अब्दुल लतीफ तथा अनस खान पिता सलीम खान से राशि जप्त की गई है।

एस एस टी दल द्वारा स्थल पंचनामा बनाया गया है तथा जप्त राशि जिला कोषालय नर्मदापुरम में जमा कराई गई। जिले में सघन रूप से वाहन चेकिंग की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एफएसटी प्रभारी अभिषेक गौरव,एस एस.टी प्रभारी अमन चौहान, पटवारी पुष्पराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक गिरीश तिवारी तथा आरक्षक शैलेंद्र मानकर ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं गुरुवार को आंवली घाट पर एसएसटी दल द्वारा 77 हजार रुपए की राशि वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 04 जेडएल 3382 से जप्त की गई है। निवासी ग्राम खोकसर राहुल राज पिता रामविलास से राशि जप्त की गई है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा 136 सिवनी मालवा राकेश खजूरिया द्वारा बताया गया कि एसएसटी दल द्वारा स्थल पंचनामा बनाया गया है। जप्त राशि जिला कोषालय नर्मदापुरम में जमा की गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट श्याम सिंह तारे, एस एसटी प्रभारी रामेश्वर इवने, हेड कांस्टेबल संदीप शर्मा, आरक्षक माखन राजपूत, पटवारी श्रीकांत दीवान, कोटवार हेमराज तथा राजेंद्र ने उक्त कार्रवाई में सक्रिय भूमिका निभाई।

कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने लगाए आरोप

# बिजली उपभोक्ताओं को भाजपा सरकार ने दिया धोखा



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश कि भाजपा सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 1 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं के बिजली के बिल माफ करने की घोषणा की थी, लेकिन बिल तो माफ नहीं हुए उल्टे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ अलग बढ़ गया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अगस्त माह में बुंदेलखंड के नौगांव में एक कार्यक्रम में जनता से कहा कि ''मुझे बताया गया है कि बिजली के बिल बहुत ज्यादा आ रहे हैं'', और जनता से पूछा तो जनता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हां, बहुत ज्यादा आ रहे हैं। तब शिवराज ने घोषणा की, कि 'मैं गरीब जनता के जिनके कनेक्शन एक किलोवॉट तक के हैं, उनके बिजली के बिल छोड़ता हूं और समीक्षा करके बढ़े हुए बिल मैं भरूंगा' अर्थात शिवराज सरकार भरेगी। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद ऊर्जा विभाग ने 1 सितंबर 2023 को बिल माफ करने की जगह 1 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं के बिलों की राशि स्थगित करने का आदेश जारी कर दिया।

उन्होंने कहा कि वहीं तीनों विद्युत वितरण कंपनियों ने एक किलोवाट के 18-20 लाख उपभोक्ताओं की बिजली खपत बढ़ाकर 2 किलोवाट कर दी। जिससे कि किसी के बिल माफ न करने पड़े। नियमों के विरुद्ध बिजली खपत में बढोतरी के लिए कंपनियों ने किसी से सहमति भी नहीं ली। उन्होंने बताया कि लगातार 3 माह तक हमने 21 जिलों के 38 डिवीजन के डेटा का अध्ययन किया, जिसमें यह बात सामने आई कि 3 लाख 85 हजार 953 उपभोक्ताओं को बगैर सूचित किए उनके भार में वृद्धि कर 2 किलोवाट कर दिया गया।

### इंडिया गठबंधन के सभी मित्र एकजुट

समाजवादी पार्टी के साथ समझौता न होने के सवाल पर सुरजेवाला ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है। उन्होंने कहा कि के मित्रों से अलग-अलग विषयों पर बातचीत चलती रहती है। कभी समन्वय बन जाएगा, कभी शायद न भी बन पाए, पर हम नीतिगत तौर पर देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने सब एकजुट हैं।

### सरकार से पूछे 5 सवाल

1. क्या एक किलोवॉट तक के 20 लाख गरीब उपभोक्ताओं में से 1 उपभोक्ता की एक फूटी कौड़ी भी माफ हुई?
2. क्या एक किलोवॉट तक के उपभोक्ताओं के बिजली के बिल स्थगित करने के आदेश जारी करने के पहले षड्यंत्रपूर्वक तरीके से उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन का भार दो किलोवॉट कर दिया गया?
3. क्या लाखों गरीब परिवारों को उनके कनेक्शन का भार बढ़ाने के पहले उन्हें सूचित किया गया था, या उनकी सहमति ली गई थी, या उनके लोड का आकलन किया गया था?
4. क्या लाखों परिवार 2 किलोवॉट के कनेक्शन के साथ गरीबी रेखा की परिधि से षडयंत्रपूर्वक तरीके से बाहर कर दिए गए हैं?
5. क्या भाजपा सरकार की सारी घोषणाएं ऐसे ही धोखे और झूठ की बुनियाद पर रखी गई हैं?

## विधायक संजीव कुशवाह ने भाजपा से दिया इस्तीफा



**भिंड, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 230 और भाजपा ने गुना-विदिशा सीट छोड़कर 228 उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। दोनों ही दलों में टिकट कटने से असंतुष्ट नेता पार्टी से बगावत कर रहे हैं। टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे भिंड से विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। वे बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। कुछ समय पहले वे बसपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे।

भाजपा ने भिंड सीट पर पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को टिकट दिया है। मौजूदा विधायक संजीव सिंह कुशवाह का नाम पटवारी भर्ती परीक्षा घोटाले में सामने आया था। कुशवाह के ग्वालियर स्थित कॉलेज से सात टॉपर निकले थे, जिसके बाद से वह विवादों में घिरे हुए थे। उन्होंने 2018 का चुनाव बसपा के चिन्ह पर लड़कर जीत हासिल की थी।

साल 2018 के चुनाव संजीव सिंह बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे। बाद में उन्होंने बीजेपी जॉइन कर ली थी। वे भिंड से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन भाजपा ने पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

# अभ्यर्थियों को देनी होगी आपराधिक प्रकरणों की जानकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने गुरुवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन में की जा रही तैयारियों एवं 25 अक्टूबर तक प्राप्त हुए नामांकन के बारे में जानकारी दी गई।

श्री राजन ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन के साथ निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र भरकर उपलब्ध कराना होगा। अभ्यर्थी को आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी। इसके लिए अभ्यर्थी को तीन अलग-अलग तिथियों में समाचार पत्रों में प्रकाशन एवं न्यूज चैनलों में प्रसारण कराना होगा, जिससे मतदाताओं को ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में पता चल सके। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, बसंत कुर्रे, मनोज खत्री, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी से एस.एस. उप्पल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जे.पी. धनोपिया, बहुजन समाज पार्टी से सीएल गौतम, आम आदमी पार्टी से सुमित सिंह चौहान, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से पी.व्ही. रामचंद्रन उपस्थित थे।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में संयुक्त टीमों द्वारा 140 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती कार्रवाई की गई है। इसमें रुपये, अवैध शराब, मादक पदार्थ, अमूल्य धातु, सोना, चांदी, ज्वेलरी एवं विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की जब्ती शामिल है। प्रदेश में सामान्य प्रेक्षक 152, पुलिस प्रेक्षक 35 और 102 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए है। 25 अक्टूबर तक 290 अभ्यर्थियों ने 327 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। श्री राजन ने बताया कि वोटर आईडी कार्ड के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य किए गए 12 वैकल्पिक दस्तावेज के आधार पर मतदाता मतदान कर सकेंगे। मतदाताओं को मतदाता पर्ची और वोटर गाइड का वितरण किया जाएगा। इस बार वोटर पर्ची में क्यूआर का कोड का उपयोग होगा।

मीडिया कार्यशाला में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की दी जानकारी

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिये मीडिया का सहयोग जरूरी




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि लोकतंत्र के विकास में मीडिया की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सम्पन्न कराने के लिये मीडिया का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। वास्तविक जानकारी मतदाताओं तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन गुरुवार को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के स्वर्ण जयंती सभागार में मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री राजन ने बताया कि वरिष्ठ मतदाता एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गयी है। प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। श्री राजन ने मीडिया प्रतिनिधियों से मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने के लिये अपने संचार माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आव्हान भी किया।

मीडिया कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक डॉ. वाय.पी. सिंह एवं प्रो. पी.एन. सनेशर द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के मीडिया के संबंध में सभी दिशा-निर्देशों एवं सहयोग की अपेक्षा से जुड़े बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने लगाया आरोप, बोलीं-

# महिला उत्पीड़न के आरोपियों को पुरस्कृत कर रही कांग्रेस




**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने महिलाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी कहती हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं, लेकिन वो किस से लड़ रही हैं? श्रीमती लेखी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को हमेशा दिया धोखा, इसलिए लाड़ली बहनें भाजपा पर भरोसा करती हैं।

उन्होंने पत्रकारवार्ता में कहा कि कांग्रेस में महिला सम्मान की परंपरा नहीं है। यही कारण है कि जो कांग्रेस महिला उत्पीड़न करने वाले को टिकट देती है, उन्हें पुरस्कृत करती है और संरक्षण देती है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी कमलनाथ जी महिला को 'आइटम' कहते हैं। श्रीमती लेखी ने कांग्रेस के प्रत्याशियों मुरली मोरवाल, सज्जन सिंह वर्मा, सुखदेव पांसे, तरुण भनोत, उमंग सिंघार, हेमंत कटारे, सुनील सराफ, सिद्धार्थ कुशवाह और सोहन वाल्मीक का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि इन पर स्वयं या इनके परिजन पर महिलाओं के साथ अत्याचार के आरोप हैं। श्रीमती लेखी ने कहा कि जिन प्रत्याशियों का चरित्र ऐसा है, उन पर महिलाएं कैसे विश्वास करेंगी।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती लेखी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से महिला सशक्तिकरण के लिए आवाज उठाई। कांग्रेस के समय में घरों में शौचालय नहीं थे, महिलाओं को बैंक जाने की सुविधा नहीं थी। मोदी सरकार ने घरों में शौचालय बनाकर महिलाओं को सम्मान दिया। उनके जनधन खाते खोले। बहनों को धुएं से मुक्ति के लिए उज्जवला योजना लागू की और आज हर तरह की सब्सिडी उनके खातों में आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सत्ता में आते ही महिलाओं को मुख्य धारा में लाने तथा उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए योजनाएं शुरू की। उसी का परिणाम है कि किसी राजनीतिक दल की हिम्मत नहीं है कि महिलाओं की अनदेखी कर सके।

### कांग्रेस ने छीना था महिलाओं का हक

केन्द्रीय मंत्री श्रीमती लेखी ने कहा कि मध्यप्रदेश में 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने बहनों के साथ छल किया था, उनके हक छीन लिए थे। उस सरकार ने बैगा, भारिया और सहरिया बहनों को मिलने वाले पोषण भत्ते के 1 हजार रुपये बंद कर दिए थे। बेटियों की शादी पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बहनों को पैसे देने की बात कर रहे हैं, लेकिन कैसे देंगे? क्या उसी तरह पैसे देंगे, जिसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी कहते थे कि हम यहां से 1 रुपया भेजते हैं, तो 85 पैसे रास्ते में गायब हो जाते हैं और गरीब तक सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस बहनों को बैंक खाता नहीं दे सकी, वो उन्हें आत्मसम्मान क्या देगी?

## राम मंदिर पूरे देश और सनातनियों का है : कमलनाथ

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि राम मंदिर पूरे देश और सनातनियों का मंदिर है। छिंदवाड़ा के शिकारपुर में अपने आवास पर अयोध्या राम मंदिर और भाजपा की बयानबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ ने सवाल करते हुए कहा कि राम मंदिर क्या बीजेपी का मंदिर है, यह राम मंदिर पूरे देश का है, सनातनियों का है।

# कांग्रेस की पूर्व विधायक सविता दीवान भाजपा में शामिल


**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की रीति, नीति, विचारधारा और गरीब कल्याण के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री और होशंगाबाद की पूर्व विधायक श्रीमती सविता दीवान शर्मा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने श्रीमती सविता दीवान शर्मा को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस अवसर पर मप्र पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया, नर्मदापुरम जिले के पार्टी अध्यक्ष माधव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। मंच का संचालन चुनाव प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख प्रदीप त्रिपाठी ने किया।



विधायक श्रीमती सविता दीवान शर्मा को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि वे एक अच्छी वक्ता हैं। जब वे सत्ता पक्ष में थीं तो सत्ता पक्ष की बातों को और जब विपक्ष में थीं तो विपक्ष के विषयों को बहुत अच्छे से विधानसभा में प्रस्तुत करती थीं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच व राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष व जिला महासचिव युवा कांग्रेस नर्मदापुरम राजेंद्र सिंह पटेल, नर्मदापुरम जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनीष जैन, राजनैतिक प्रशिक्षण विभाग के संभागीय प्रमुख श्रवण कुमार सिंह ठाकुर, किसान कांग्रेस के जिला सचिव प्रकाश ठाकुर, ओबीसी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह गुर्जर, कागेस के जिला सचिव व झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ सोहागपुर के ब्लॉक अध्यक्ष रमजान शाह, व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री रामबाबू गुर्जर, जिला महामंत्री व सेक्टर अध्यक्ष शंकर सिंह चौहान, प्रशांत ठाकुर, बूथ अध्यक्ष कमलेश केवट, सेक्टर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, भारागांव के सरपंच हेमराज मीणा, बूथ अध्यक्ष चंद्रमोहन पटेल, पूर्व जिला महासचिव आईटी कपिल चौकसे, नरेंद्र कुमार दीवार, संजय पांडे, सोनू आदिवासी, संजय दीवान, सुरेंद्र राजपूत और मुरली केवट ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस पार्टी की प्रदेश महामंत्री व पूर्व

## बालाघाट से बिसेन ने भरा पर्चा, बोले- मौसम की तबीयत खराब



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के कद्दावर नेता एवं मंत्री गौरी शंकर बिसेन ने आज बालाघाट से नामांकन दाखिल किया है, जबकि भाजपा ने उनकी बेटी मौसम को टिकट दिया था. बताया जा रहा है कि बेटी का स्वास्थ्य खराब होने के चलते गौरी शंकर बिसेन ने पर्चा भरा है। जल्द स्वस्थ होने के बाद घोषित प्रत्याशी मौसम भी पर्चा दाखिल कर सकती हैं।

नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बिसेन ने कहा कि बेटी की तबीयत खराब है. आगे कोई परेशानी न हो, इस कारण सुरक्षा की दृष्टि से फॉर्म भरा है. बेटी की तबीयत ठीक होते ही वह फॉर्म भर देगी। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी बेटी को क्या बीमारी है और वह फिलहाल कहां पर है। बिसेन के नामांकन दाखिल करने से बालाघाट से लेकर भोपाल तक तरह-तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं।

### कांग्रेस ने अनुभा मंजारे को दिया टिकट

उल्लेखनीय है कि बालाघाट विधानसभा सीट से गौरीशंकर बिसेन 7 बार के विधायक हैं. वे दो बार बालाघाट संसदीय सीट से सांसद भी चुने जा चुके हैं. साल 2018 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहीं निर्दलीय प्रत्याशी अनुभा मुंजारे को इस बार कांग्रेस ने टिकट दिया है। भाजपा ने उनसे मुकाबले के लिए गौरीशंकर बिसेन की बेटी मौसम बिसेन को टिकट दे दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के...** होटल हुडला पार्क में भी तलाशी ली गई, इस दौरान विधायक भी मौजूद रहे। ईडी की कार्रवाई की राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा रेड रोज इसलिए होती है क्योंकि भाजपा ये नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके।

**छिंदवाड़ा ने वोट नहीं प्यार....** मैंने छिंदवाड़ा में सोयाबीन की खेती को बढ़ावा देने के लिए काम करना शुरू किया और केवल 4 साल में छिंदवाड़ा जिला सोयाबीन की फसल में नंबर वन हो गया था और छिंदवाड़ा के लिए भी यह पहली क्रांति थी। उन्होंने कहा कि उस समय छिंदवाड़ा में ना तो कोई पानी की सही व्यवस्था थी, न ही तालाब थे, न ही सिंचाई की व्यवस्था के लिए नहरें थी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मुझे बहुत अच्छे से याद है कि उस समय छिंदवाड़ा में कोई बड़ा बाजार नहीं था। उस समय मैं कई जगहों पर गाड़ी से उतर जाया करता था क्योंकि डर रहता था कि कहीं गाड़ी पलट न जाए उस समय सड़क नहीं थी। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपने उस समय का छिंदवाड़ा नहीं देखा है। मैं आपको बताता हूं कि छिंदवाड़ा में कुछ हिस्से ऐसे थे जहां के लोग बाहरी दुनिया से बिल्कुल कटे हुए थे। वह केवल नमक के लिए बाजार आया करते थे, सीमित छिंदवाड़ा था और यहां के लोग सीमित कपड़े पहनते थे। लेकिन आज आप छिंदवाड़ा को सभी लोग जानते हैं और यहां के बच्चे आज नई-नई तकनीक के साथ विशेष क्षेत्र में काम भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या कभी किसी ने यह सोचा था कि छिंदवाड़ा में इलेक्ट्रिक ट्रेन चलने लगेगी, स्टेशन इतना बड़ा हो जाएगा और छिंदवाड़ा से दिल्ली के लिए ट्रेन चलेगी और बाजार इतना बड़ा हो जाएगा।

**निशा बांगरे ने कांग्रेस की....** दिन पहले सरकार ने स्वीकार कर लिया था। उनके कांग्रेस पार्टी की ओर से बैतूल जिले के आमला से विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें थीं, लेकिन कांग्रेस ने उनका त्यागपत्र स्वीकार होने के एक दिन पहले ही आमला से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था। इसके बाद भी अटकलें लगाईं जा रहीं थीं कि कांग्रेस आमला सीट से अपना प्रत्याशी बदल सकती है, लेकिन श्री कमलनाथ के आज के इस बयान के बाद इन अटकलों पर लगभग विराम सा लग गया है।

**दिल्ली-एनसीआर की हवा....** दिलशाद गार्डन में 198, पूसा में 184 एक्यूआई मध्यम श्रेणी रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया।

# बुरहानपुर : गधे पर सवार होकर नामांकन भरने पहुंचे प्रियांक

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ अलग और अनौखे नजारे भी देखने को मिल रहे हैं।

बुरहानपुर में विधानसभा चुनाव के दंगल में ठाकुर प्रियांक सिंह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गुरुवार को प्रियांक सिंह गधे पर सवार होकर अपना नामांकन फॉर्म जमा करने पहुंचे. इस दौरान उनके साथ उनके समर्थकों का कुनबा भी मौजूद था।

गधे पर सवार होकर प्रियांक जिस-जिस जगह से गुजरे, वहां उपस्थित लोग उन्हें देखते ही रह गए। अब चुनावी चर्चाओं में बुरहानपुर की गलियों में गधे पर सवार होकर नामांकन भरने का अनोखा अंदाज भी शामिल हो गया है। बुरहानपुर में कांग्रेस ने निर्दलीय चुनाव जीते सुरेंद्र सिंह शेरा को इस बार प्रत्याशी बनाया है. जबकि भाजपा ने पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस को फिर से प्रत्याशी बनाया है. हालांकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों को टिकट बंटवारे के बाद बगावत झेलनी पड़ रही है। भाजपा के पूर्व सांसद रहे नंदकुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है, कांग्रेस में भी बगावत दिख रही है।



7 में से 5 चुनाव में कांग्रेस ने, एक में निर्दलीय ने मारी थी बाजी

# थांदला विधानसभा : भाजपा को अब तक एक ही बार मिली जीत

• धर्मेन्द्र पांचाल

**झाबुआ, देशबन्धु।** थांदला विधानसभा सीट के इतिहास को देखें, तो मालूम होता है कि यह सीट भाजपा के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। 1990 से लेकर अब तक हुए 7 चुनावों में उसे सिर्फ एक बार ही जीत मिली है, जबकि कांग्रेस 5 बार यहां विजय का वरण कर चुकी है। 1990, 1993 और 1998 में चुनाव जीतकर कांग्रेस ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। दरअसल, यह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से 3 प्रमुख जनजातियां यथा भील, भिलाला, पटलिया रहती हैं। भील समुदाय के मतदाता यहां अहम भूमिका निभाते हैं।

### 2003 में जीतने वाले कलसिंह 2013 में हुए थे बागी

वर्ष 2003 में भाजपा के कलसिंह भाबर को जीत मिली, लेकिन 2008 में पार्टी ने फिर यह सीट गंवा दी। उस समय कांग्रेस के वीरसिंह भूरिया ने यहां से जीत हासिल की। 2013 में भाजपा से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कलसिंह भाबर ने जीत कर पार्टी को झटका दे दिया। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जमानत तक नहीं बच पाई थी।





### तीसरी बार होगा कलसिंह-वीरसिंह में मुकाबला

2008, 2018 के बाद एक बार फिर इस विधानसभा चुनाव में कलसिंह भाबर और वीरसिंह भूरिया में टक्कर होनी है। इस बार भाजपा ने दूसरी सूची में कलसिंह भाबर को थांदला से मौका दिया है। पहली सूची में नाम नहीं आने से लोगों को लगने लगा था कि इस बार कोई नया चेहरा भाजपा थांदला में उतारेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तो वहीं कांग्रेस में मजबूत दावेदार के रूप में कांग्रेस के वीरसिंह भूरिया एकमात्र नेता थे। थांदला में भाजपा अपने बागी नेताओं के चलते परेशान है, तो वहीं कांग्रेस, जयस समर्थित उम्मीदवार के मैदान में आने से आशंकित है।

### 2018 में हुआ था त्रिकोणीय मुकाबला

2018 के चुनाव में एक बार फिर से भाजपा के कलसिंह का मुकाबला कांग्रेस के वीरसिंह भूरिया के साथ हुआ। इस बार भाजपा के बागी दिलीप कटारा के चुनावी मैदान में होने से यह सीट फिर कांग्रेस के खाते में चली गई। इस चुनाव में हालांकि 8 उम्मीदवार मैदान में थे। लेकिन वास्तव में मुकाबला तो त्रिकोणीय ही था। कांग्रेस, भाजपा और भाजपा के बागी उम्मीदवार के बीच जमकर जंग हुई, जिसमें कांग्रेस के वीरसिंह भूरिया ने 31,151 मतों के अंतर से जीत हासिल की। वीरसिंह को 95,720 वोट मिले, तो कलसिंह के खाते में 64,569 वोट आए। जबकि दिलीप सिंह को 26,052 वोट मिले थे। तब के चुनाव में इस सीट पर कुल 2,26,254 मतदाता थे, जिसमें 1,13,258 पुरुष और 1,12,992 महिलाएं थीं। इनमें से कुल 1,96,484 वोट पड़े, इस तरह मतदान प्रतिशत 88.9त्न रहा। जबकि नोटा के पक्ष में 4,568 वोट पड़े थे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।